हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार, 27 जुलाई, 2025

तापमान
अधिकतम 30 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

12 नामांकन, बटांकन के सैकड़ों मामले लंबित डायवर्सन की करोड़ों रुपए की वसूली अटकी



13 अमलेश्वर बाजार परिसर में कीचड़ नाली होने के बाद भी पानी की निकासी नहीं








# शिवनाथ फिर उफान पर, मोंगरा से छोड़ा जा रहा 32 हजार क्यूसेक पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मानसूनी सीजन में शिवनाथ नदी दूसरी बार ऊफान पर आया है। शुक्रवार की रात हुई बारिश से शिवनाथ नदी स्थित महमरा एनीकट के ऊपर 6 फीट पानी बह रहा है। इससे महमरा जाने का मार्ग बंद हो गया है। लोगों को घूमकर आना.जाना करना पड़ रहा है। प्रशासन ने नदी के आसपास के गांवों में फिर से एलर्ट किया है कि वे सतर्क रहें और गांव यदि पानी घुसे तो वे सुरक्षित स्थलों का शरण लें। राजनांदगांव जिले के जलाशयों का पानी शिवनाथ नदी दुर्ग में छोड़ा जा रहा है। मोंगरा जलाशय, सूखानाला और घूमरिया बैराज शिवनाथ नदी दुर्ग में 32000 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। 27 जुलाई को भी मध्यम बारिश बताई गई है।

- महमरा एनीकट से 6 फीट ऊपर बह रहा पानी, और बढ़ेगा जल स्तर



### बारिश खेतों के लिए संजीवनी

शुक्रवार की रातभर रूक-रूक कर बारिश होती रही। शनिवार को भी पूरे दिन रिमझिम बारिश की स्थिति रही। बीच-बीच में बारिश जरूर रूकी रही लेकिन कुछ घंटे बाद फिर शुरू हो गई। मौसम विज्ञानी डॉ. एचपी चंद्रा के अनुसार यह बारिश खेतों के लिए संजीवनी का काम करेगी।

### जिले में 477.4 मिमी. बारिश

इस मानसूनी सीजन में जिले में अब तक 477.4 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है। 1 जून से 26 जुलाई तक इतनी औसत वर्षा हुई है। अब तक सर्वाधिक वर्षा 593.4 मिमी पाटन तहसील में तथा न्यूनतम 383.9 मिमी. तहसील धमधा में दर्ज की गई है। इसके अलावा तहसील बोरी में 429.6 मिमी, तहसील अहिवारा में 580.6 मिमी, तहसील भिलाई-3 में 411.4 मिमी और तहसील दुर्ग में 465.3 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 26 जुलाई को तहसील दुर्ग में 68.8 मिमी, तहसील धमधा में 55.1 मिमी, तहसील पाटन में 61.1 मिमी, तहसील बोरी में 60.6 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 84.0 मिमी और तहसील अहिवारा में 95.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

### इस तरह काम कर रहा है सिस्टम

मौसम विभाग के मुताबिक एक अवदाब उत्तर छत्तीसगढ़ और उससे लगे झारखंड के ऊपर स्थित है। इसके लगातार पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए कमजोर होकर पूर्वी मध्य प्रदेश की ओर जाने की संभावना है। मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर अनूपगढ़, चूरू, ग्वालियर, रीवा, अवदाब के केंद्र, पुरुलिया, कोंटई और उसके बाद दक्षिण पूर्व की ओर पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी तक स्थित है।

### तापमान में आई 25 डिग्री सेल्सियस गिरावट

दो दिनों की बारिश ने अधिकतम और न्यूनतम तापमान को भी गिरा दिया है। जिसकी वजह से उमसभरी गर्मी पूरी तरह गायब हो गई है। शनिवार को प्रदेशभर में दुर्ग जिले का अधिकतम और न्यूनतम तापमान सबसे ज्यादा व कम रहा। अधिकतम तापमान 28.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 18.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान 2.5 डिग्री सेल्सियस सामान्य से कम रहा और न्यूनतम माइनस 6.3 डिग्री सेल्सियस रहा।

## स्पा सेंटर की आड़ में देह व्यापार
# संचालिका समेत पांच गिरफ्तार

- मुख्य आरोपी अब भी है फरार
- 6 मोबाइल आधार कार्ड 8 डयरी जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्पा सेंटर के आड में देह व्यापार का कारोबार करने वाली महिला संचालिका समेत पांच को पुलिस ने दबिश देकर गिरफ्तार किया है। सेंटर से पुलिस को आठ डायरी, 6 मोबाइल, 1 टेब और चार रजिस्टर, मोबाइल नंबर का डाटा, नगदी 60 रुपए समेत कई आपत्तिजनक सामान पुलिस के हाथ लगी है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर नेहरू नगर चौक कोटक महिन्द्रा बैक के पास द ग्रीन डे स्पॉ में देह व्यापार का कारोबार लंबे समय से चल रहा था। पुलिस ने दबिश देकर द ग्रीन डे स्पॉ से संचालिका संध्या कुमारी,कस्टमर सुपेला निवासी अरविंद यादव, आदित्य सिह, टेली कॉलर जैनम खातून और योगिता गंधर्व को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर स्पॉ सेंटर के आड में देह व्यापार को टेली कालर जैनम खातून, योगिता गंधर्व के माध्यम से कस्टमर को फोन कर लालच देकर बुलाया करते थे। इस कारोबार के लिए अलग-अलग 4 मोबाईल अपने पास रखते थे। मामले का मास्टर माइंड मुख्य आरोपी स्पा सेंटर मालिक फरार है। जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। आरोपियों को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया है। कार्रवाई में सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी, सुपेला टीआई विजय यादव समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।



### शहर में दर्जनों स्पा सेंटर संचालित

भिलाई-दुर्ग में दर्जनों स्पा सेंटर है। जहां इस तरह के कई अवैध कारोबार होते है। जहां विदेशी युवतियां भी टूरिस्ट वीजा के काम कर रही है लेकिन इसकी कोई चेकिंग नहीं किया जा रहा है। इसके अलावा विदेशी बालाओं को टूरिस्ट वीजा समाप्त होने के बाद भी महीनों किरए पर रहकर काम करते है। लेकिन पुलिस इनके तक नहीं पहुंच पाती है। सालों पहले ऐसी एक घटना सुपेला थाना क्षेत्र में हो चुका है। जिसमें स्पा सेंटर में काम करने वाली विदेशी महिला की मौत अस्पताल में हो जाती है। जांच में पता चला था कि वह टूरिस्ट वीजा पर शहर में थी। लेकिन वीजा कव से समाप्त हो चुका था। उसके शव को ले जाने में परिजनों को भारी मशक्कत का सामान करना पड़ा था।

## गांजा बेचने वालों को पुलिस ने पकड़ा



**भिलाई।** गांजा अवैध रुप से बेचने वाले युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि ऑपरेशन वश्विास अभियान के तहत नशीली दवाईयों , गांजा तस्करी , खरीदी,बेचने वाले सुखे नशे के कारोबार करने वालों पर शिकंजा कसा जा रहा है। आयकर भवन सेक्टर 6 खंडहर के पास गांजा रखकर बेचने वाले दो युवकों को पुलिस ने पकड़ा है। आरोपी कुंदरापारा रुआबांधा बस्ती भिलाई नगर निवासी जगदीश भारती, शनिचरी बाजार रुआबांधा बस्ती अंकित सुर्यवंशी होना बताया है।





## कुम्हारी चोरहा नाला में युवक बहा पांच घंटे बाद भी नहीं चला पता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

लगातार बारिश से नदी नाले उफान पर है। इसके कारण कुम्हारी के पास रामपुर चोरहा नाला में आई अचानक बाढ़ से कुछ लोग फंस गए। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और तीन लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। मिली जानकारी के मुताबिक राकेश बंजारे ने बाढ़ में फंसे लोगों को बचाने की कोशिश में अपनी जान गंवा दी। एसडीआरएफ कमांडर नागेंद्र सिंह ने बताया कि, सुबह सूचना मिली थी कि सुरजीडीह नाला-चोरहा नाला के पास बने बड़े नाले में अचानक बाढ़ आ गई थी। तीन लोग बाढ़ में फंस गए थे। इसके बाद एसडीआरएफ की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और महिला, पुरुष और तीन बकरियों को बाढ़ से सुरक्षित निकालकर एक सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया। घटना के बाद कुम्हारी थाना पुलिस ने तुरंत एसडीआरएफ को सूचना दी और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। एसडीआरएफ के एक जवान ने बताया कि पानी का बहाव अत्यधिक तेज है, जिससे सर्च ऑपरेशन में कठिनाई आ रही है, लेकिन पूरी टीम राकेश बंजारे की तलाश में जुटी हुई है। प्रशासन ने बचाव कार्य में तेजी लाने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। नाले का बहाव इतना अधिक होने के कारण युवक की कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। लगातार एसडीआरएफ की टीम ने पांच घंटे से अधिक समय तक राकेश बंजारे को खोजा गया लेकिन कुछ नहीं पता चल पाया है। बाढ़ में फंसे लोगों को बचाने पहले ही राकेश नाले में कुदकर बचा रहा था लेकिन बहाव अधिक होने से उसके चपेट में आ गया।




## 65 हजार के जेवरात पार

**भिलाई।** मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि बाबादीप सिंग नगर निवासी सरिता सिंह शांति नगर में दोना पत्तल बनाने का मशीन चलाने का काम करती है। पति पत्नी काम पर गए हुए थे। घर पर घटना के दिन कोई नहीं था मकान में तला जड़ा हुआ था। अज्ञात ने ताला तोड़कर मकान से जेवरात जिसे पर्स में रखा गया था। जिसमें सोने का चैन, मंगलसूत्र, छोटा मंगलसूत्र, जोडी टाप्स समेत अन्य सामान गायब था। आसपास खोजबीन करने पर जेवरात नहीं मिला। उक्त सामाने की कीमत 65 हजार रुपए आंकी गई है। इसके अलावा नगदी 5 हजार भी गायब था।






## खबर संक्षेप



### बस्ती में भरा पानी, आप ने दी आंदोलन की चेतावनी

**भिलाई।** पिछले 12 घंटों से हो रही बारिश ने निगम की तैयारियों की पोल खोल दी है। शहर के अधिकांश बस्तियों और कॉलोनियों में बारिश का पानी जमा हो गया है। इसे लेकर आम आदमी पार्टी ने मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने निगम से अपील की है कि तत्काल बारिश के पानी के निकासी के इंतजाम किए जाएं, अन्य आप कार्यकर्ता निगम में उग्र आंदोलन करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने छत्तीसगढ़ के अनेक शहरों में बरसात से शहर में लगभग सभी जगह जलभराव की गंभीर समस्या पर कहा कि निगम प्रशासन की लापरवाही से यह भयावह स्थिति लगभग हर साल बनती है। प्रदेश महासचिव वदूद आलम ने कहा दुर्ग-भिलाई मे हर साल थोड़ी सी बारिश से ही घरों में, दुकानों में पानी घुस जाता है। निचले इलाकों में तो स्थिति लगातार बिगड़ते जा रही है। ड्रेन की सही सफाई नहीं होने से ऐसा हालात बन रहे हैं। सफाई, रेन हार्वेस्टिंग, स्टॉर्मवॉटर लाइन बहाली और जोनल अधिकारियों के लिए जिम्मेदारी सुनिश्चित करना चाहिए था। हर साल निगम प्रशासन को बरसात की समस्यायों के निवारण के लिए करोड़ों का बजट मिलता है, लेकिन उस बजट का सही उपयोग नहीं किया जाता और सारा पैसा का क्या किया जाता है।

### स्कूल में कारगिल दिवस मनाया गया



**दुर्ग।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कसारीडीह में कारगिल विजय दिवस पर विविध देशभक्ति पूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए गए। सर्वप्रथम दीप प्रज्ज्वलन विद्यालय के प्राचार्य कृपा शर्मा द्वारा गया। उन्होंने कहा कि हमे सैनिकों का सम्मान करना चाहिए आज हम उनके कारण ही सुरक्षित अपने देश व घरों में रहते है। विविध कार्यक्रम में चित्रकला प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता हुई। कारगिल के विषय पर मीना देवांगन ने जानकारी दी।

# परंपरा और संस्कृति साम्प्रदायिक संबंधों को बनाते है मजबूत : तिवारी

## कृषि औजारों की पूजा अर्चना, गेड़ी दौड़ का आयोजन, पारंपरिक व्यंजनों का उठाया लुत्फ

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

सेठ आरसीएस कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में हरेली उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का आरम्भ कुदाली, रापा, गेंती आदि औजारों की पूजा के साथ जिला शिक्षण समिति के अध्यक्ष प्रवीणचंद्र तिवारी, शासी निकाय के अध्यक्ष मनोज शर्मा, सचिव दिलीप इंगले, सदस्य अनिल सुराना, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. पूजा मल्होत्रा द्वारा किया गया। प्रवीणचंद्र तिवारी ने बताया कि हरेली मनुष्य और प्रकृति के मध्य गहरे संबंध का प्रतीक है जो जमीन और जीवन को सहारा देने वाले औजारों के प्रति कृतज्ञता की भावनाओं को उजागर करता है। परंपरागत रूप से इस त्यौहार को सांप्रदायिक संबंधों को मजबूत करने और कृषि एवं प्राकृतिक दुनिया की देखरेख करने वाली दिव्य शक्तियों का सम्मान करने का एक तरीके के रूप में देखा जाता है। सावन माह की अमावस्या पर होने वाली हरेली त्यौहार को साल का पहला त्यौहार के रूप में मनाते है। हरेली किसान और सभी छत्तीसगढ़ वासियो का त्यौहार है।यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. पूजा मल्होत्रा के दिशा निर्देशन में सांस्कृतिक प्रभारी फरहा परवीन सिद्धीकी, सदस्य प्राची देवांगन, युमेनिका वर्मा, युगेश देशमुख एवं महाविद्यालय के आईक्युएसी कॉडिनेटर डॉ. भावना वर्मा एवं अन्य शिक्षकों प्रमोद यादव, मनोज कुशवाहा, दुर्गा शुक्ला, डॉ. आयशा अहमद, भवना यादव, डॉ. निधि मिश्रा, उमेश वैद्य, रानी शुक्ला, भागवत देवांगन आदि की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।



### चीला, गुलगुला भजिया का लगाया स्टॉल

इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा स्वयं निर्मित व्यंजन चीला, गुलगुला भजीया, फरा, खुरमी का स्टाल लगाया गया जिसका आनंद प्रबंधन समिति के सदस्यों एवं महाविद्यालय स्टाफ व छात्र-छात्राओं ने लिया। इस अवसर पर प्रवीण चंद तिवारी, अनील सुराना और छात्र-छात्राओं ने गेड़ी चलाकर कार्यक्रम का आनंद लिया।



## बैठक में खुलासा : भुइयां रिकॉर्ड दुरुस्त करने प्रशासन चलाएगा विशेष अभियान

# नामांकन, बटांकन के सैकड़ों मामले लंबित डायवर्सन की करोड़ों रुपए की वसूली अटकी

## कलेक्टर अभिजीत सिंह ने तहसील कार्यालय में राजस्व निरीक्षकों की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

राजस्व अधिकारियों, निरीक्षकों और पटवारियों की बैठक में बड़ा खुलासा हुआ है। लंबे समय से बटांकन, नामांकन के मामले अटके हुए हैं। डायवर्सन से होने वाली करोड़ों रुपए की वसूली नहीं हो पाई है। इसके अलावा कई अन्य काम प्रभावित हो रहे हैं। भुइयां में आई तकनीकी दिक्कतों के चलते ऐसी स्थिति बनी है। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने तहसील कार्यालय में बैठक ली। बैठक के दौरान इसका खुलासा हुआ है। इसके बाद भुइयां रिकॉर्ड दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में लंबित प्रकरणों जैसे खसरा संकलन, विलोपन, शून्य रकबा, नक्शा बटांकन, स्वतः नामांतरण, डीएससी सत्यापन, कृषक पंजीयन आदि विषयों पर विस्तृत समीक्षा की गई।

कलेक्टर कहा कि शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकरण सख्ती से किया जाए। उन्होंने बड़े पैमाने में लंबित नक्शे के बटांकन करने विशेष अभियान चलाने राजस्व निरीक्षक, पटवारियों को लक्ष्य दिए। उन्होंने यह भी कहा कि डायवर्सन के बाद जिन भूमिस्वामियों ने अब तक निर्धारित राशि जमा नहीं की है, उनसे वसूली हेतु भी सघन अभियान चलाने कहा। करोड़ों रुपए की डायवर्सन राशि अब भी लंबित हैं। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि बड़े बकायादारों को चिन्हित कर उनसे वसूली में तेजी लाई जाए। बैठक में एसडीएम हरवंश मिरी, भू-अभिलेख शाखा प्रभारी लता उर्वशा, अधीक्षक भू-अभिलेख अजीत चौबे, तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता, क्षमा यदु, हुलेश्वर खूंटे, ढाल सिंह बिसेन, वासु मित्र दीवान सहित अन्य मौजूद थे।



### पब्लिक काट रही राजस्व विभाग के चक्कर, नहीं हो रहा समाधान

भुइयां सॉफ्टवेयर में तकनीकी खराबी के चलते पटवारियों के अलावा राजस्व संबंधित काम कराने वाले लोगों को भी विभिन्न समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। पिछले दो सप्ताह से यही स्थिति है। कभी भी सर्वर डाउन या अन्य परेशानी होने के चलते वेबसाइट पोर्टल ओपन नहीं हो पाता और जब होता है तो रिकॉर्ड अलग-अलग दर्शाता है या जिसकी एंट्री ही नहीं हुई है, वह दिखता है। इसके अलावा कई अन्य तकनीकी दिक्कतों की वजह से लोगों की शिकायतों का निराकरण नहीं हो पा रहा है। उन्हें लगातार राजस्व विभाग, पटवारी, आरआई से लेकर तहसील कार्यालय के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

### भुइयां में दिक्कत के कारण पटवारी भी चाह कर नहीं कर पा रहे काम

जानकारी के मुताबिक भुइयां में कई तकनीकी परेशानियां सामने आ रही है। पटवारियों को समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। स्थिति ऐसी कि चाहकर भी पटवारी काम नहीं कर पा रहे हैं। लोग भी परेशान हो रहे हैं। हालांकि लोक सेवा केंद्रों के ऑपरेटरों का दावा है कि शनिवार व रविवार को शासकीय अवकाश के बाद सोमवार से परेशानियों का हल निकाल लिया जाएगा। पटवारियों का कहना है कि अब भी तकनीकी समस्या है। यह हेड कार्यालय से ही है। इसलिए कब तक व्यवस्था सुधरेगी कह नहीं सकते।

### जिले की सभी तहसीलों में ऐसी है स्थिति

ऑनलाइन भुइयां सॉफ्टवेयर में तकनीकी खामी व सर्वर डाउन होने के कारण जिलेभर के सभी तहसील कार्यालय लोगों के काम पिछले दो सप्ताह से नहीं हो पा रहे हैं। सिर्फ कागजी कार्रवाई हो पा रही है। जब सॉफ्टवेयर को अपडेट किया गया था तब भी ऐसी समस्या आई थी। रायपुर से जानकारी दी जाती है कि तकनीकी फॉल्ट को जल्द सुधार लिया जाएगा। जिसके बाद पहले जैसा काम होगा लेकिन हकीकत में ऐसा नहीं हो पाया। ऑनलाइन काम नहीं हो पा रहा है। कब तक होगा, यह कोई बता नहीं रहे है। अफसर सिर्फ स्वीकार कर रहे है कि परेशानी आ रही है। अधिकांश पटवारी अपनी समस्या राजस्व विभाग के अफसरों को भी बता चुके हैं। व्यवस्था कब तक सुधरेगी इस सवाल का जवाब न तो पटवारी दे पा रहे हैं और न ही अफसर, सभी मौन है।

## नगपुरा में बनेगा अटल डिजिटल केंद्र नाली और सड़क का किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ नगपुरा में आयोजित किया गया कार्यक्रम

दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने ग्राम नगपुरा में 13 लाख 62 हजार रुपए की नवीन विकास कार्यों की सौगात दी। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नगपुरा में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित होकर विधिवत पूजा अर्चना कर विकास कार्यों की आधारशिला रखी। भूमिपूजन के तहत अटल डिजिटल सुविधा केंद्र भवन निर्माण मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना मद से अनुमानित लागत राशि 5 लाख रूपये, जनपद पंचायत 15वें वित्त मद से नाली निर्माण कार्य अनुमानित लागत राशि 3.62 लाख रूपए, जनपद अध्यक्ष मद से गली सीमेंटकरण कार्य अनुमानित लागत राशि 5 लाख रुपए शामिल हैं। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा हमारी सरकार लगातार लोगों के जीवन के खुशियां लाने का काम कर रही और अन्तिम पंक्ति पर बैठे व्यक्ति तक विकास कैसे पहुंचे इस दिशा में निरन्तर कार्ययोजना बनाकर काम कर रही है। इस अवसर पर दुर्ग जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, जिला पंचायत सदस्य सुश्री प्रिया साहू, सरपंच सरोज भूपेन्द्र रिगरी अंजोरा मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, पूर्व मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष ओमेश्वर राजू, उपसरपंच नरेन्द्र निषाद, ओंकार देवांगन, मुकेश मंडाले, आदि उपस्थित रहे।

### 22 को कामबंद हड़ताल, जिलेवार पर्यवेक्षक नियुक्त

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के तत्वावधान में प्रदेश के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को केन्द्र के समान देय तिथि से महंगाई भत्ता, डीए एरियर्स की राशि को जीपीएफ खाते में समायोजित करने, वेतन विसंगति सहित 11 सूत्रीय मांगों को लेकर द्वितीय चरण के तहत 22 अगस्त को सामूहिक अवकाश लेकर कलम बंद, काम बंद आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए जिलेवार पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। 10 अगस्त को बैठक तय की गई है। दुर्ग, कबीरधान के लिए जीआर चंद्रा को प्रभारी बनाया गया है। राजनांदगांव के लिए राजेश चटर्जी, बलौदाबाजार के लिए बीपी शर्मा को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# जिले के उर्वरक प्रतिष्ठानों का केंद्रीय टीम ने किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ तीन प्रतिष्ठानों से नमूना लेकर भेजा गया प्रयोगशाला

भारत सरकार द्वारा गठित संयुक्त केन्द्रीय निरीक्षण दल के सदस्य पीजी मिथानडोई, अवर सचिव उर्वरक एवं रसायनए मंत्रालय नई दिल्ली कृषि एवं किसान कल्याण विभाग मंत्रालय नई दिल्ली एवं अजय कुमार उप संचालक केन्द्रीय उर्वरक गुण नियंत्रण एवं प्रशिक्षण संस्थान फरीदाबाद द्वारा उप संचालक कृषि संदीप कुमार भोई, संचालनालय कृषि के प्रतिनिधि डॉ सुमित सोरी तथा वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सह उर्वरक निरीक्षक दुर्ग की उपस्थिति में जिले के 3 विक्रय प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया।



निरीक्षण के दौरान कोई भी गंभीर अनियमितताएं नहीं पाई गई।

निरीक्षण के दौरान ग्रीन फील्ड गंजपारा दुर्ग से जिंक सल्फेट के 1 नमूना, अग्रवाल कमर्शियल दुर्ग से सिंगल सुपर फॉस्फेट के 2 नमूने तथा सुन्दरम एग्रोटेक नया गंज मण्डी धमधा रोड दुर्ग से बोरान 20 के 1 नमूना लेकर केन्द्रीय प्रयोगशाला फरीदाबाद भेजा गया। वहीं उक्त प्रतिष्ठानों को उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के प्रावधान का पालन करते हुए उर्वरक व्यवसाय किये जाने के निर्देश दिए गए। साथ ही उर्वरकों के थोक स्कंध का फुटकर स्कंध में पीओएस मशीन के माध्यम से त्वरित एक्नॉलेजमेंट कर पीओएस मशीन से ही भारत सरकार की डीबीटी इन फर्टिलाइजर के निर्देश का पालन करते हुये शत-प्रतिशत वितरण कराने के निर्देश दिए गए।

## विधायक गजेन्द्र की पहल से बन रहा डोमशेड, जनता को जल्द मिलेगी सौगात



**दुर्ग।** दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में नागरिकों की लंबे समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए डोमशेड निर्माण कार्य तेजी से जारी है। विधायक गजेन्द्र यादव की पहल से यह विकास कार्य संभव हो सका है। शासन से प्राप्त स्वीकृति के पश्चात डोमशेड निर्माण कार्य शुरू हो गया है, जो आगामी कुछ महीनों में पूर्ण होकर जनता को समर्पित किया जाएगा। डोमशेड बनने से वार्डवासियों को धार्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक और सार्वजनिक आयोजनों के लिए एक सुरक्षित और सुसज्जित स्थल उपलब्ध होगा। विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा कि डोमशेड के साथ-साथ आयोजनों के लिए मंच भी बनाए जाएंगे। विधायक गजेन्द्र यादव ने बताया कि इन कार्यों के साथ-साथ अन्य नागरिक सुविधाओं सड़क निर्माण, ड्रेनेज सुधार, स्ट्रीट लाइट्स, सामुदायिक भवनों का उन्नयन, आदि पर भी कार्य प्रगति पर है। उन्होंने सभी वार्डवासियों को आश्वस्त किया कि हर नागरिक की सुविधा और सम्मान हमारी प्राथमिकता है। डोमशेड वार्ड 19 दुर्गा मंच के पास, वार्ड 21 भगत सिंह स्कूल के सामने मैदान, वार्ड 59 साकेत कॉलोनी, वार्ड आदित्य नगर, वार्ड 18 मानस वाटिका के पास इसके अतिरिक्त अन्य वार्डों में भी निर्माण कार्य जारी है।

# पानी निकासी व्यवस्था दुरुस्त करने कब्जेधारियों को जारी होंगे नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ महापौर और आयुक्त ने वार्डों का किया निरीक्षण

सावन माह की रिमझिम फुहारों के बीच नगर निगम दुर्ग की महापौर अलका बाघमार वार्ड क्रमांक 37 आज़ाद वार्ड के दौरे पर पहुंची। महापौर ने आयुक्त सुमित अग्रवाल, पार्षद एवं एमआईसी सदस्य शिव नायक सहित निगम अधिकारियों की टीम के साथ बारिश के मौसम में सफाई कार्यों और नालियों की स्थिति का निरीक्षण किया।



उन्होंने गली नंबर 1 और 2 समेत वार्ड के कई हिस्सों का भ्रमण किया। दौरे के दौरान नालियों की सफाई, जलजमाव की स्थिति और जल निकासी की व्यवस्था देखी और सम्बंधित अधिकारियों से जरूरी जानकारी ली। निरीक्षण में यह बात सामने आई कि कुछ नागरिकों द्वारा नालियों को ढंककर अतिक्रमण किया गया है, जिससे गंदा पानी घरों के सामने ठहर रहा है और सफाई कार्य प्रभावित हो रहा है। इस पर महापौर ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ऐसे सभी अतिक्रमणों पर नोटिस जारी करें और उन्हें तत्काल हटवाया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि नालियों के ऊपर अतिक्रमण शहर की जल निकासी व्यवस्था में रुकावट पैदा करता है, जिससे बरसात में जलभराव की स्थिति बन जाती है। महापौर बाघमार ने यह स्पष्ट निर्देश दिए कि वार्ड के अंतिम छोर पर स्थित नालों और नालियों की सफाई कार्य प्राथमिकता से पूर्ण कराई जाए। उन्होंने कहा कि जल निकासी के रास्ते बाधित न हों, इसके लिए नालियों की नियमित रूप से सफाई और मरम्मत आवश्यक है। बारिश के पानी का बहाव अवरुद्ध न हो, इसकी विशेष निगरानी की जानी चाहिए। निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य देवनारायण चंद्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, दिनेश नेताम आदि मौजूद थे।

## साइबर सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम

# छात्राओं को साइबर क्राइम से किया गया सतर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ ऑनलाइन फ्रॉड की सावधानियों पर किया जागरूक

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आर्यभट्ट विज्ञान एवं वाणिज्य शिक्षण केंद्र विज्ञान विकास केंद्र में साइबर सुरक्षा, जागरूकता एवं व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा, ऑनलाईन फ्रॉड और सोशल मीडिया की सावधानी के विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा छात्राओं को विभागीय जानकारी दी गई। इस कार्यकम में साइबर सेक्युरिटी एक्सपर्ट आरिफ एच खान, विज्ञान विकास केंद्र की प्रमुख उर्मिला ओझा, महिला सशक्तिकरण केंद्र से विनिता गुप्ता जिला मिशन समन्वयक, लक्ष्मीकांत यादव जेंडर विशेषज्ञ, शिल्पी उपाध्याय, वित्तीय साक्षरता समन्वयक नारायण सोनी, डीईओ चंद्र प्रकाश पटेल जिला समन्वयक चाईल्ड लाईन, सखी से असंति साहू, केंद्र प्रशासक कविता डोरले, काउंसलर आईसीपीएस से सीता कन्नौजे, श्रद्धा एवं पैरामेडिकल स्टाफ, पेरालिगल कार्मिक उपस्थित रहें।



### इन विषयों पर दी जानकारी

पुलिस विभाग से डॉ संकल्प राय, नोडल अधिकारी साइबर सेल दुर्ग द्वारा छात्राओं को ऑनलाइन सुरक्षा स्ट्रांग पासवर्ड बनाने, द्वि खाते की उपयोगिता, बायोमैट्रिक पासवर्ड, मोबाईल सॉफ्टवेयर को समय-समय पर अपडेट करने के फायदे, साइबर बुलिंग, साइबर फिशिंग, हनी ट्रैप, डिजिटल अरेस्ट, मैट्रीमोनियल वेबसाइट, डेटिंग एप्स जिसमें युवा पीढ़ी से प्रेम प्रसंग के माध्यम से आर्थिक क्षति पहुंचाई जाती है के बारे में विस्तार से बताया। माफिंग स्कैम जिसमें आसानी से किसी व्यक्ति के चेहरे को दूसरे व्यक्ति शरीर में फिट किया जा सकता है एवं म्यूल एकाउंट जैसे साइबर क्राइम से छात्राओं को सतर्क किया। साईबर क्राईम से संबंधित विभिन्न सायबर हेल्पलाइन नंबर 1930 की जानकारी दी गई।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के खाते से 96 हजार पार

**भिलाई।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के खाते से रुपए पार होने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि ग्राम कुगदा निवासी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मेनिका साहू के एसबीआई खाते से अज्ञात ने 96 हजार 120 रुपए पार कर दिया। जिसकी जानकारी पीड़िता को अपना खाता एंट्री कराने बैंक पहुंची तब जानकारी हुई। पीड़िता के खाते का अंतिम बार केवाईसी वर्ष 2021 मे बैंक मे हुआ था। 23 जुन 2023 से अब तक 27 जुन 2025 तक 96 हजार 120 रूपये कई किश्तों में अज्ञात ने पार कर दिया। घटना की जानकारी बैंक प्रबंधक कुम्हारी को दिया गया। पैसे का आहरण आधार थंब के द्वारा निकाला गया है। बैंक प्रबंधक द्वारा पीड़िता का आधार कार्ड मांगकर खाते को ई-केवाईसी के जरिये अपडेट कर दिया गया। आधार थंब को ब्लॉक कर दिया। खाते की बचत राशि को पति माखनलाल साहू के खाता में 2 लाख 21 हजार रूपये को ट्रांसफर कर दिया गया।





# हरेली पर छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का अनावरण

## किसानी कार्य में उपयोग होने वाले यंत्रों की पूजा अर्चना, विभिन्न विकास कार्यों की घोषणा भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ननकट्टी

ग्राम बोड़ेगांव में छत्तीसगढ महतारी की प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम पंचायत भवन के सामने हर्षोल्लास के साथ हुआ। मुख्य अतिथि विधायक महंत डोमनलाल कोर्सेवाड़ा ने इस मौके पर हरेली त्यौहार की शुभकामनाएं देते हुए विभिन्न विकास कार्यों की घोषणा की। अतिथियो ने किसानी के सामान की विधिवत पूजा अर्चना कर छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा, अर्चना एवं माल्यार्पण कर आरती की। मंचीय कार्यक्रम में सरपंच पप्पी टंडन, पंचगण और ग्राम वासियों ने अतिथियों का स्वागत किया। स्वागत उद्बोधन में सरपंच पप्पी टंडन ने विकास के लिए राशि की मांग की। जिसे विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा ने पूरा करने की बात कही।



उन्होंने पंथी नृत्य समूह वालो को 10 हजार अनुदान राशि देने की घोषणा की साथ ही कुछ छूटी हुई गलियों में सीसी रोड बनाने की घोषणा की। कार्यक्रम में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष व दुर्ग जिला भाजपा उपाध्यक्ष नटवर ताम्रकार, जिलापंचायत सभापति जितेंद्र यादव, विधायक प्रतिनिधि विधान सभा अहिवारा सतीश साहू, मंडल अध्यक्ष रामजी निर्मलकर, जनपद सदस्य प्रतिभा देवांगन , उप सरपंच रवि ताम्रकार, पंच गणओम प्रकाश ठाकुर, भेद लाल सिंन्हा, मिथिलेश कश्यप, जोगान्स चेलक, भूपेंद्र टंडन,सुभाष चंद्र ताम्रकार ,दुर्गा सिन्हा, वासुदेव सिंन्हा, डिलेश्वरी साहू, महेश्वरी सिंन्हा, मीना बाई ठाकुर, लीना जैन, धनेश्वरी देवांगन, ललिता शर्मा, सरिता सोनवानी, अंजू टंडन, शकून बाई बंजारे, क्षेत्र के भाजपा संगठन के प्रमुख पदाधिकारीयो, समाजसेवी, पूर्व सरपंच ,जनपद सदस्य आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप




### हरेली पर मचांदुर में हुए परंपरागत खेल

**उतई।** हरेली पर्व पर ग्राम मचांदुर में खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामवासियों में गजब का उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में जनपद सदस्य ढालेश साहू, ग्राम प्रधान युगल किशोर साहू, पंचगण तथा ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों की विशेष उपस्थिति रही।

## निधन

### किरण बड़वाईक



**दुर्ग।** केलाबाड़ी दुर्ग निवासी 78 वर्षीय किरण बड़वाईक का 25 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार का कार्यक्रम शनिवार को शिवनाथ नदी तट मुक्तिधाम में किया गया। वे प्रवीण, अनूप, निवेदिता के पिता थे।

### सारम्मा मथाई



**भिलाई।** राधिका नगर भिलाई निवासी सारम्मा मथाई (जेसी) 69 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 28 जुलाई सोमवार को नेहरू नगर कब्रिस्तान में दोपहर 12 किया जाएगा। वे एके मथाई की पत्नी, जोजी, जॉली और जया की बड़ी बहन एवं मंजू और मनीष की माता थीं।

### ललिता देशमुख



**दुर्ग।** ग्राम बेलौदी निवासी ललिता देशमुख (51 वर्ष) का निधन शनिवार को हो गया। वे चुनुराम देशमुख की पत्नी थी। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। वे हरिशंकर, देवकुमार की माता थीं। वे तीरथ देशमुख व योगी देशमुख की भाभी थी।

## स्वच्छता अभियान को तार-तार करने में लगे है अधिकारी

# अमलेश्वर बाजार परिसर में कीचड़, नाली होने के बाद भी पानी की निकासी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाटन

नगर पालिका परिषद अमलेश्वर के बाजार परिसर में गंदगी और कीचड़ की समस्या बहुत गंभीर है। नाली बनाने के बावजूद भी बाजार परिसर में पानी भर जाता है और कीचड़ फैला हुआ है, जो स्थानीय लोगों और दुकानदारों के लिए परेशानी का सबब बन रहा है।लोगो का कहना है कि पौनी पसारी योजना अंतर्गत लाखों रुपए का बाजार परिसर निर्माण किया गया है।

जहां पानी निकासी के लिए चारों तरफ नालियां बनाई गई है। जिसमें पहले जाली लगा था गुणवत्ता विहीन होने के कारण कई लोग दुर्घटना का शिकार भी हुए। बाद में इसी बाजार परिसर के नाली में लगे जाली को उखाड़ कर सीमेंटी कारण किया गया है, जिसमें अब लोग अच्छे से चल पा रहे है।



लेकिन बाजार परिसर का पानी निकासी का कोई व्यवस्था नजर नहीं आ रही है जिससे कीचड़ पसरा हुआ है। पुराने बाजार परिसर से नाली ऊपर हो गई है और पानी जाम होने से कीचड़ हो रहा है। जिससे आम नागरिको को बहुत परेशानी हो रही है।

हालांकि नगर वासियों की सुविधा के लिए बाजार परिसर का निर्माण किया गया लेकिन हर तरफ कीचड़ ही कीचड़ नजर आ रहा है और नाली होने के बाद भी पानी की निकासी नहीं हो रही है। पुराना बाजार परिसर में कीचड़ पसरा हुआ है। लोगो का कहना है कि इस पर पालिका प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को ध्यान देना चाहिए जिससे पानी की निकासी भी हो और लोगों को कीचड़ में चलना न पड़ें। आपको बता दें सप्ताह में दो दिन बुधवार और शनिवार को साप्ताहिक बाजार लगता है। कीचड़ होने के कारण नगर वासियों को बहुत ज्यादा परेशानी होती है।

## अंचल की खबरें

### हरेली पर हुई रामकथा, जुटे भक्तगण



**अंडा।** हरेली त्यौहार के पावन पर्व मे गुरुवार बाजार चौक अंडा मे रामकथा नवनीत श्री राम भक्त मानस मंडली ग्राम गांधी नगर अंडा दुर्ग की ओर से रखी गई। यहां भजन कीर्तन, भोले नाथ की कथा, सति देह त्याग, पार्वती जन्म और माता पार्वती भगवान शिव विवाह व्याख्यानों को लोगों ने मनोयोग से सुना। राम कथा व्याख्याकार डी पी चन्द्राकार, खिलेन्द्र कुमार (संजू) यादव , गायक, हारमोनियम भूमिका रही। तबला मे रुपेश विश्वकर्मा, पेड तामेश्वर साहु, बेंजो कमलेश साहु , भुमिका पक्ष सदस्य तेजराम चौहान कोरस मंजीरा ,तेजराम चन्द्राकर खंजेरी तेजराम निर्मलकार कोरस गोला, गैदू राम चन्द्राकार कोरस मंजीरा , यशवंत सिन्हा कोरस मंजीरा,यशवंत चन्द्राकर घुंघरु बलदाऊ चौहान घुंघरु और माइक आपरेटर पिंटु साहु का विशिष्ट योगदान रहा। इस दौरान नई दिल्ली से सम्मान हासिल कर लौटे शिक्षक खिलेन्द्र कुमार (संजू) यादव को ग्रामीणों की ओर से बधाई दी गई। तेज राम चौहान ने यह जानकारी दी।

### टोलाघाट में शिवभक्तों का महासंगम होगा 28 को



**सेलूद।** बोल बम कांवड़ यात्रा समिति पाटन क्षेत्र के तत्वाधान में 28 जुलाई सोमवार को भव्य कांवड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। समिति के संयोजक जितेंद्र वर्मा के नेतृत्व में सभी शिवभक्त पाटन ओग्गर तालाब में विराज भगवान शंकर की पूजा अर्चना सुबह 9 बजे कर जल लेकर बोल बम के जयघोष के साथ टोलाघाट के लिए निकलेंगे। कांवड़ यात्रा समिति के संयोजक जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि टोलाघाट पहुंचते ही सभी कांवड़िया सर्वे भवन्तु सुखिनः एवं जल संरक्षण के संकल्प के साथ भगवान महादेव में जल अर्पित करेंगे। प्रसिद्ध भगवताचार्य प. कृष्ण कुमार तिवारी के सानिध्य में भगवान शिव की पूजा अर्चना कर जलाभिषेक एवं रुद्राभिषेक किया जाएगा। सभी श्रद्धालुओं के लिए महाभण्डारा की व्यवस्था की गई है।वहीं छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध गायिका पायल साहु की प्रस्तुति भी रखी गई है। जहां शिवभक्त भगवान शिव की महिमा का वर्णन गायन के माध्यम से सुनेंगे। कांवड़ यात्रा को लेकर भी व्यापक तैयारी की जा रही हैं। संयोजक वर्मा ने सभी शिवभक्तों, युवाओं, सामाजिक संगठनों, माताओं-बहनों एवं ग्रामवासियों से अधिक से अधिक संख्या में इस पुण्य कार्य में सहभागिता की अपील की है।

### आईसीएफएआई विवि में हुई सांस्कृतिक प्रस्तुति



**कुम्हारी।** द आई सी एफ ए आई विश्वविद्यालय कुम्हारी में हरेली तिहार के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से कुलपति डॉ. शिवदयाल पांडे कुलसचिव, डॉ मनीष उपाध्याय एवं विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.के किशोर कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी विभाग के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। अतिथियों का स्वागत पौधा प्रदान कर किया गया। आयोजन के सांस्कृतिक प्रभारी डॉ. एस एस. दुबे ने कहा कि हरेली हमारी सांस्कृतिक एकता समृद्धता और संस्कृति का परिचायक है। कुलपति डॉ. शिवदयाल पांडे ने कहा कि हरेली तिहार न केवल कृषि संस्कृति का प्रतीक है, बल्कि यह हमें प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर चलने की प्रेरणा भी देता है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने राजगीत, कविता पाठ तथा लोक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी, जिनमें हरेली तिहार के महत्व और प्रकृति के प्रति आभार प्रकट किया गया। इन प्रस्तुतियों ने सभी उपस्थित जनों को भावविभोर कर दिया। अंत में कुलसचिव ने सभी आगंतुकों, प्रतिभागियों एवं आयोजन समिति का धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि ऐसे आयोजन न केवल हमारी संस्कृति को जीवंत रखते हैं, बल्कि विश्वविद्यालय के सामूहिक सहयोग और सकारात्मक वातावरण को भी दर्शाते हैं।

### 'शिकसा' में प्रतिभा की कमी नहीं - द्विवेदी

**अंडा ।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी (शिकसा) छत्तीसगढ़ ने 'आया सावन झूम के' का आयोजन संस्थापक व संयोजक डॉक्टर शिवनारायण देवांगन आस के निर्देशन में किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ बोधीराम साहू ने किया। कार्यक्रम प्रभारी विजय प्रधान की उपस्थिति मे मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी सक्ती कुमुदिनी द्विवेदी थीं। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रमोद, आदित्य ने सरस्वती वंदना एवं मधु कारके ने राजगीत के साथ किया। कार्यक्रम को डॉ.शिवनारायण देवांगन आस, प्रांताध्यक्ष कौशलेंद्र पटेल, प्रदेश महासचिव व कार्यक्रम के संयोजक डॉ.बोधी राम साहू और कार्यक्रम प्रभारी विजय प्रधान ने संबोधित किया। मुख्य अतिथि कुमोदिनी द्विवेदी ने कहा कि हरेली त्यौहार में इस तरह का आयोजन सराहनीय कार्य है, 'शिकसा' में प्रतिभा की कमी नहीं है। कार्यक्रम में रामकुमार पटेल, हेमा चन्द्रवंशी, रेखा पात्रे, रीता राज सिदार, चन्द्र कुमार चन्द्रा, रामलाल कोसले, सुखमती चौहान, देवनारायण राज, दिनेश कुमार दुबे, शशिकला पाण्डेय,ओ.पी.कौशिक रतनपुरिहा, विंध्यवासिनी पांडेय ,सारिका बनसोडे सोनी आदि उपस्थित थे।



## सेजस स्कूल में आओ स्कूल संवारे हम थीम की नई पहल



हरिभूमि न्यूज ⏭ निकुम

विकासखंड दुर्ग के स्वामी आत्मानंद एक्सीलेंट अंग्रेजी स्कूल निकुम में संस्था प्राचार्य श्रीमती एस देवराजन व पालक समिति अध्यक्ष दिलीप साहू के तत्वाधान में आओ स्कूल संवारे हम थीम की नई शुरुआत की गई। जिसमें सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष निकुम व समाज सेवी भैया लाल साहू के द्वारा शनिवार को स्कूल में सभी बच्चों को न्योता भोजन के बाद मिठाई बाटी गई। बच्चो के चेहरे ख़ुशी से झूम उठे। वही भैया लाल साहू ने बेहतर पहल करते हुए पूरे स्कूल के सभी कमरे प्राइमरी से हॉयर सेकेंडरी में दीवाल घड़ी दी। साहू ने कहा कि समय मूल्यवान है, इसकी कीमत जीवन में समझें। प्राचार्य एस देवराजन ने बताया सभी बच्चों को बेहतर शिक्षा, एक्टिविटी, खेल सहित सभी सुविधा मिल रही है। इस अवसर शिक्षकों में खुशबू मिश्रा डॉ.दिव्या पवार मनदीप कौर ,निशि चंद्राकर देवांगन, रिया भोयार, नेहा पिल्ले, साक्षी साहनी,कौशल जिज्ञासु और दीपक खत्री आदि मौजूद थे।

# स्कूली बच्चों को दिया नेवता भोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ उतई

शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला डुमरडीह में कुंदन बंजारे के जन्मदिन के अवसर पर नेवता भोज का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा पहली से लेकर कक्षा आठवीं तक के बच्चों को भोजन कराया गया।

- **भोजन को सामुदायिक भागीदारी के जरिए और ज्यादा पोषक बना रहे**



इस अवसर मुख्य अतिथि ग्राम खोपली के पूर्व सरपंच व वृत्ताकार सहकारी समिति उतई के अध्यक्ष फत्ते लाल वर्मा ने कहा कि नेवता भोज प्रधान मंत्री पोषण शक्ति योजना के अन्तर्गत, भोजन को सामुदायिक भागीदारी के जरिए और ज्यादा पोषक बनाने की पहल है। यह पूरी तरह से स्वैच्छिक हैं। जिसमें आप अपने जन्मदिन पर य कोई खास मौके के शुभ अवसर पर बच्चों के साथ जुड़ने का एक अच्छा प्रयास है। इस अवसर पर धमेन्द्र बंजारे सरपंच ग्राम पंचायत डूमरडीह, केशव महिपाल, फत्तेलाल वर्मा अध्यक्ष वित्ताकार सेवा सहकारी समिति उतई ,प्रवीण यदु युवा उतई भाजपा मंडल अध्यक्ष ,ऋषि साहू जिला अध्यक्ष छत्तीसगढ़ी कांति सेना,केशव महिपाल सतनामी समाज अध्यक्ष डुंडेरा ,कुंदन मधुकर ,छत्रपाल साहू,खिलेश गायकवाड़, शक्ति मधुकर, दीक्षांश जोसी, ओमकार चतुर्वेदी, उमेश पाटील, रितिक गायकवाड, उमेश पाटील, श्रीमती देव कुमारी यादव, लक्ष्मण, उमेश बंजारे, उमेंद्र जांगड़े, मिथिलेश नारंग,लता बंजारे आदित्य बंजारे आदि मौजूद थे।

## बिजनेस साइट

### हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट एक्सपो का शुभारंभ



**भिलाई।** भारतीय पारंपरिक हस्तशिल्प व सांस्कृतिक धरोहर को समर्पित 'हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट एक्सपो का शुभारंभ स्टील क्लब, सेक्टर-8, भिलाई में हुआ। इस भव्य प्रदर्शनी में देशभर के कारीगरों और शिल्पकारों द्वारा निर्मित हस्तनिर्मित वस्त्र, परिधान, गृह सज्जा सामग्री और अन्य अनूठे उत्पादों का संग्रह देखने को मिल रहा है। प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य भारतीय हस्तशिल्प को प्रोत्साहन देना और ग्राहकों को पारंपरिक एवं शुद्ध हस्तनिर्मित वस्तुएँ उचित दाम पर उपलब्ध कराना है। बनारसी साड़ियाँ, कश्मीरी सूट सेट, भागलपुरी सिल्क, मधुबनी चित्रकला, लकड़ी का फर्नीचर, चमड़े के बैग व बेल्ट, पंजाबी फुलकारी, खादी वस्त्र, एम्ब्रॉयडरी कुर्तियाँ एवं ड्रेस, बंगाल की साड़ियाँ और अन्य कई आकर्षक उत्पाद यहाँ उपलब्ध हैं।

## कबड्डी प्रतियोगिता में कुगदा की टीम प्रथम

**कुम्हारी।** हरेली पर महामाया क्रीड़ा मंडल ने एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों के 50 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता सुबह से प्रारंभ होकर देर रात तक चली। जिसमें प्रतिभागी टीमों के द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। जिसमें निर्णायक मुकाबले में कुगदा कुम्हारी की टीम ने कोटा रायपुर की टीम को पराजित कर फाइनल मुकाबला जीत लिया। वहीं द्वितीय पुरस्कार रायपुर कोटा टीम के अलावा तृतीय गोमची चतुर्थ तुता रायपुर की टीम रही जिन्हें भी पुरस्कार दिया गया। आयोजन के दौरान मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष मीना वर्मा ने प्रतिभागी टीमों के खिलाड़ियों एवं आयोजक समिति के सदस्यों का उत्साहवर्धन करते हुए मनोबल बढ़ाया और छत्तीसगढ़ के प्रथम त्योहार हरेली की शुभकामनाएं देते हुए सभी नगरवासियों को बधाई दी। आयोजन के दौरान पार्षद डिकेश पटेल, उमाकांत साहू, फिंगेशर साहू एवं रामकुमार सोनी सहित वरिष्ठ खिलाड़ी संदीप पटेल, सरोज पटेल, मुकेश यादव, ओमप्रकाश पटेल उपस्थित रहें। आयोजन समिति के सदस्यों में किशन पटेल, देवा साहू वासुदेव साहू उमेश कुमार थनेश्वर धीवर सहित जूनियर टीम के समस्त खिलाड़ी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहें।



## खुड़मुड़ा के ग्रामीणों ने किया जमकर प्रदर्शन

# शराब भट्टी को हटाने के लिए अनिश्चितकालीन धरना शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाटन

नगर पालिका परिषद अमलेश्वर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खुडमुड़ा के ग्रामीण आज सुबह 10 बजे से ही अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के लिए एक जुट होकर पंडाल लगा कर बैठ गए है। प्रस्तावित शराब भट्टी खोले जाने वाले स्थान के सामने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन ग्राम प्रमुख खुड़मुड़ा रामकुमार सोनकर के नेतृत्व में किया जा रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि जब तक प्रशासन द्वारा शराब भट्टी नहीं खोलने का पत्र जारी नहीं करेगा तब तक अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। जहां प्रमुख रूप से वार्ड क्रमांक 4, 5, 6 और 7 के पार्षद भी धरना स्थल पर पहुंचे और अपनी उपस्थिति दर्ज की। वही भाजपा और कांग्रेस के नेता एक जुटता के साथ शराब भट्टी नहीं खोलने के विरोध में खड़े हुए हैं। बता दें कि जहां पर शासकीय शराब भट्टी खोली जा रही है वहां पर धार्मिक स्थल है, पूरे गांव का निस्तारी नदी के किनारे होने के कारण इसी स्थान में होता। पूरे ग्रामीण इसका विरोध कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि ग्रामीण जन कल रात से ही धरने पर बैठ गए हैं। अभी बड़ी संख्या में महिला पुरुष पंडाल लगा कर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं।



### नौ महीने पहले भी शराब भट्टी खोलने की थी तैयारी

नौ महीना पहले भी शराब भट्टी खोलने की थी तैयारी शासन के द्वारा किया गया था जिसका पालिका चुनाव को देखते हुए स्थगन आदेश मौखिक रूप से दिया गया था। तब कही जा कर हफ्ते भर से चल रहे आंदोलन थमा था। जो आज फिर से शुरू हो गया है। इस बार ग्रामीणों ने लिखित में स्थगन आदेश लेकर ही अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन को समाप्त करने का ठान लिया है। मौके पर स्थानीय पुलिस अमलेश्वर थाना के टी आई अपने स्टॉफ के साथ मौजूद है।

## खबर संक्षेप

### तीस लीटर महुआ शराब जब्त, केस दर्ज

**भिलाई।** अवैध रुप से महुआ शराब बनाने वाले को पकड़ने पहुंची पुलिस उसे देख आरोपी फरार हो गए। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि ग्राम घोरारी थाना रानीतराई में अवैध महुआ शराब बनाने की सूचना मिली थी। रानीतरई पुलिस को ग्राम घोरारी के बंधिया तालाब में अवैध रूप से शराब बनाने के लिए डुबाए गए 50 कट्टा महुआ लाहन करीब 5 क्विंटल को जब्त। तीन जरीकेन में भरा करीब 30 लीटर महुआ शराब को तालाब में फेंककर दो आरोपी मौके से फरार हो गए। आबकारी एक्ट के तहत पुलिस ने कार्रवाई किया है।

### ट्रैफिक पुलिस ने दिया मानवता का परिचय

**भिलाई।** नेशनल हाइवे भिलाई तीन के जनता स्कूल कटिंग के पास अज्ञात युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क किनारे पड़ा हुआ था। राहगीरों की सूचना पर ट्रैफिक पुलिस ने कंट्रोल रूम को सूचना दी। खबर लगते ही ट्रैफिक पुलिस ने निकटतम पेट्रोलिंग टीम बिना किसी विलंब के घटनास्थल पर पहुँची। मौके पर पहुँची टीम ने घायल की नाजुक स्थिति को देखते हुए मानवता का परिचय दिया। घायल को तुरंत उपचार के लिए लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल पहुँचाया। जहाँ उसका इलाज जारी है।

### आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा आज

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा 2025 के सफल संचालन हेतु जिला नोडल अधिकारी एवं केन्द्राध्यक्षों को व्यापमं द्वारा जारी दिशा निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने निर्देशित किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार व्यापमं द्वारा 27 को आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा 2025 का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें शामिल होने वाले जिले के कुल 25496 अभ्यर्थियों के लिए कुल 70 परीक्षा केंद्रों में परीक्षा का आयोजन किया गया है। परीक्षा 11 बजे से 1.15 बजे तक आयोजित की जाएगी, लेकिन अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार 10.30 बजे बंद कर दिया जाएगा। परीक्षा केन्द्रों में भारत इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड बीईएल द्वारा जैमर तथा प्रत्येक परीक्षा केन्द्र में एक कर्मचारी की ड्यूटी लगाई जा रही है।

# ऑनलाइन पेपर बिल व थ्री फेस कनेक्शन दिलवाने चेंबर बढ़ाएगा दबाव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

टाउनशिप में बिजली के उपभोक्ताओं को थोड़ी राहत दिलाने के बाद अब भिलाई स्टील सिटी चैंबर ऑफ कॉमर्स भिलाई उन्हें बीएसपी से आनलाइन बिजली बिल और थ्री फेस कनेक्शन दिलवाने के लिए भी बीएसपी पर दबाव बनागा। इसके लिए जल्द ही बीएसपी प्रबंधन से चेंबर का प्रतिनिधि मंडल मिलेगा।

उल्लेखनीय है कि चेंबर द्वारा पूर्व में बिजली दर कम करने के साथ बिजली बिल सीधे उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराने की मांग की थी। चेंबर के अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन ने बताया कि बीएसपी के द्वारा बिजली की दरों में छग शासन के समतुल्य दर निर्धारित करने का जो प्रस्ताव छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के समक्ष रखा था, जिसे खारिज कर आयोग द्वारा मात्र 0.88 % मूल्य ,वृद्धि की स्वीकृति दी है ,जबकि आयोग ने शासन को 1.89% मूल्य वृद्धि की स्वीकृति दी थी। बीएसपी ने 10 से 15% वृद्धि का प्रस्ताव आयोग के समक्ष रखा था । इसे आयोग ने आपत्तिकर्ताओं के विचारों को सुनने के बाद खारिज कर दिया है । साथ ही यह भी आदेश दिया है कि उपभोक्ता की मांग पर,ऑनलाइन अथवा पेपर बिल दिया जाए । स्टील सिटी चैंबर के अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन बताया कि 11 सदस्यों का प्रतिनिधिमंडल आयोग के समक्ष उपस्थित हुआ था। बताया था कि उपभोक्ताओं की मांग पर ना तो थ्री फेस कनेक्शन दिए जाते हैं और ना मेंटेनेंस की प्रत्येक सेक्टर में व्यवस्था बनाई गई है। आयोग ने बीएसपी को निर्देश दिया है कि उपभोक्ताओं की शिकायतों का निराकरण तत्काल प्रभाव से किया जाए ,और उपभोक्ताओं की मांग पर थ्री फेस कनेक्शन भी दिए जाएं । चेंबर अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन ने बताया कि आनलाइन पेपर बिल व थ्री फेस कनेक्शन उपभोक्ताओं को दिलाने चेंबर बीएसपी पर दबाव बढ़ाएगा। मामले में जल्द ही प्रबंधन से प्रतिनिधि मंडल मिलकर राहत के लिए चर्चा करेगा।

## नियामक आयोग बिजली राहत के साथ यह भी दिया है आदेश



### नए मीटर भी लगवाने प्रबंधन से करेंगे मांग

आयोग द्वारा जहां मी डिफेक्टिव है उसे सुधारे जाने और नए मीटर लगाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। । उपभोक्ताओं की शिकायत को सुनने के लिए उपभोक्ता निवारण फोरम के कार्यालय को पुनः चालू किया जाए । चेंबर ने इस आदेश का पालन करने की मांग के साथ विद्युत नियामक आयोग के निर्णय को शहर के उपभोक्ताओं के लिए राहत वाला बताया।

## अनियमितता : व्यापारी संघ ने किया विरोध, दुकान नहीं हटाने पर करेंगे शिकायत

# सुपेला सब्जी मंडी में व्यापारी ने पार्किंग क्षेत्र में किया अतिक्रमण, लग रहा जाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

सुपेला में संचालित आकाशगंगा सब्जी मंडी में कुछ व्यापारी सड़क और पार्किंग की जगह पर बेजा कब्जा करके दुकान बना लिए हैं। इससे वहां पार्किंग और सब्जी से भरी गाड़ियों के आने जाने में परेशानी हो रही है। इसको लेकर व्यापारी संघ ने सब्जी व्यापारी नारायण सिंह को अवैध दुकान हटाने के लिए कहा, लेकिन वो नहीं मान रहा है। अब व्यापारी इसकी शिकायत निगम में करने जा रहे हैं।

सुपेला सब्जी व्यापारी संघ के अध्यक्ष रविंद्र सिंह उर्फ रवि ने बताया कि सुपेला सब्जी मंडी में नियम के मुताबिक 110 रजिस्टर्ड दुकाने हैं, जिन्हें निगम के द्वारा बैठाया गया है। वर्तमान में ये सब्जी मंडी अतिक्रमण की भेंट चढ़ती जा रही है। हालत यह हो गई है कि यहां वैध और अवैध दुकान मिलकर 200 से अधिक दुकानें संचालित हैं। इसमें थोक और चिल्हर दोनों दुकाने शामिल हैं। अब मुद्दे पार्किंग और सड़क की जमीन पर कब्जा करके दुकान खोलने का उछलता जा रहा है।

यहां नारायण सिंह वेजिटेबल कंपनी (एनवीसी) के संचालक नारायण सिंह ने अपनी रजिस्टर्ड दुकान के साथ साथ सब्जी मंडी को जाने वाली सड़क के किनारे पार्किंग की जगह को घेरकर बड़ी सी दुकान बना लिया है। एनवीसी ने पहले यहां एक छोटी दुकान बनाकर सब्जी के खाली कैरेट रखना शुरू किया था। पिछले एक साल में उसने यहां काफी बड़ी जगह घेरकर दुकान बना लिया है। इसके चलते यहां जाम लगता है। सब्जी से भरी गाड़ियां जो सुबह आ जाती है वो बाहर नहीं निकल पा रही है। व्यापारियों का व्यवसाय भी प्रभावित हो रहा है। रवि का कहना है कि उन्होंने एनवीसी कंपनी के संचालक को बेजाकब्जा दुकान हटाने के लिए कहा था, लेकिन वो नहीं मान रहे हैं। सब्जी व्यापारी की दबंगई और संघ की बात को ना मानने पर अब व्यापारी संघ ने इसकी शिकायत निगम में करने का निर्णय लिया है।

## नगर निगम भिलाई के अधिकारियों ने कहा-जांच के बाद करेंगे कार्रवाई



### मार्केट से हर दिन गुजरते हैं सैकड़ों ट्रक

इस मंडी में हर दिन सुबह सुबह 100-150 ट्रक सब्जी, व आलू प्याज आदि लेकर आते हैं और फिर खाली करके जाते हैं। इनके लिए मंडी के पीछे काफी बड़ी जगह निगम ने छोड़ रखी हैं। वहां सभी गड़ियां पार्क होकर सब्जी अनलोड करती हैं और फिर वहां से निकल जाती हैं, लेकिन अब इन गाड़ियों को आने जाने में परेशानी हो रही है। और तो और 10 बजे के बाद जब आकाश गंगा मार्केट खुलने लगता है और सब्जी की गाड़ियां नहीं निकल पाती तो यहां जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है।

### निगम करेगा अतिक्रमण पर कार्रवाई

जब इस बारे में जोन 1 के आयुक्त आजय सिंह राजपूत से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि ऐसा करना गलत है। वो कल ही टीम भेजकर इसका निरीक्षण करवाएंगे और अगर बेजा कब्जा करके दुकान बनाई गई है तो उसे तोड़कर हटाया जाएगा। इसके साथ ही ऐसा करने वाले के खिलाफ निगम जुर्माने की कार्रवाई भी कर सकता है।




### एनवीसी के संचालक ने कहा कई व्यापारियों ने किया है कब्जा

एनवीसी दुकान के संचालक के बेटे अमित सिंह से जब इस बारे में बात की गई तो उसने कहा कि वो अकेले ऐसे नहीं हैं जिन्होंने बेजा कब्जा करके दुकान बनाई है। मंडी में कई लोग हैं जो सरकारी जमीन पर कब्जा करके रखे हैं। उनके खिलाफ व्यापारी संघ के लोग एकजुट होकर कार्रवाई करवा रहे हैं। अगर कार्रवाई हो तो सभी के खिलाफ हो, केवल उनके खिलाफ नहीं।

# हाईकोर्ट के जज पहुंचे दुर्ग कोर्ट अधिवक्ताओं ने गिनाई समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के जस्टिस पार्थ प्रीतम साहू शनिवार को दुर्ग के एक दिवसीय दौरा पर पहुंचे।उनके आगमन पर जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने सर्किट हाउस पहुंचकर उनका स्वागत किया। इसके बाद वे दुर्ग न्यायालय पहुंचे। अधिवक्ता संघ के कार्यालय में संघ के पदाधिकारियों से चर्चा की। अधिवक्ताओं की समस्याएं सुनी। पदाधिकारियों ने उन्हें बैठक व्यवस्था, पार्किंग सहित अन्य समस्याओं से अवगत कराया। इसके बाद वे जिला न्यायालय का भ्रमण कर समस्याओं से अवगत हुए। इस अवसर पर संघ की अध्यक्ष नीता जैन, उपाध्यक्ष प्रशांत जोशी, महिला उपाध्यक्ष उमा भारती साहू, सचिव रविशंकर सिंह, कोषाध्यक्ष अनिल जायसवाल सहित अन्य मौजूद थे। न्यायाधीश ने जिला एवं सत्र न्यायालय में पदस्थ न्यायाधीशों से भी मुलाकात की। उन्होंने प्रकरण के बारे में जानकारी ली। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की गतिविधियों के बारे में पूछा। आगामी दिनों में होने वाले लोक अदालत की तैयारियों के बारे में भी जानकारी ली।

## अनलोडिंग एरिया में गैस रिसाव, प्रोपेन प्लांट-2 में मॉक ड्रिल का किया आयोजन



**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के प्रोपेन प्लांट-2 में शनिवार को 11 बजे एक आपदा प्रबंधन मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास में विभिन्न विभागों के बीच आपसी तालमेल और प्रतिक्रिया क्षमताओं का मूल्यांकन किया गया।

प्रोपेन प्लांट-2 एक संवेदनशील क्षेत्र है, जहां 225 टन क्षमता वाले दो प्रोपेन टैंक स्थापित हैं। मॉक ड्रिल में दिखाया गया कि प्रोपेन अनलोडिंग एरिया में सफाई कार्य के दौरान प्रोपेन गैस का रिसाव से आग लग गई। एक कर्मचारी उसकी चपेट में आ गया। सहकर्मियों ने कर्मचारी को सुरक्षित बाहर निकाला और आवश्यक प्राथमिक उपचार प्रदान किया।

साइट इंचार्ज डीपसिंह ने तत्काल शिफ्ट इंचार्ज अनंत किस्कू को सूचित किया, जिन्होंने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मुख्य महाप्रबंधक जेपी सिंह को सूचित किया। इसके बाद प्रोपेन प्लांट-2 कंट्रोल रूम में मौजूद सहकर्मी को आपातकालीन सायरन बजाने एवं सभी आपातकालीन एजेंसियों को सूचित करने का निर्देश दिया गया। अभ्यास में एजीएम आरके चंद्रा, सहायक प्रबंधक अदावत नागेन्धर सहित सीआईएसएफ यूनिट, अग्निशमन विभाग. सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग, सिविल डिफेंस, मानव संसाधन विभाग, पर्यावरण प्रबंधन विभाग, एमएमपी-1 के अधिकारी व कर्मचारी शामिल हुए। मॉक ड्रिल के समापन पर सीजीएम जेपी सिंह द्वारा समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

### मकान से 48 हजार की चोरी, अपराध दर्ज

**भिलाई।** मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। रानीतराई पुलिस ने बताया कि ग्राम घोडारी थाना बिरकोनी जिला महासमुंद निवासी वर्तमान में ग्राम डिघारी निवासी श्रीमती तरुण मालेकर का ग्राम रानीतराई के दिशा बुटीक में सिलाई का काम करती है।

25 जुलाई की सुबह बुटीक रानीतराई बस स्टैण्ड में काम करने पीड़िता आई थी। दोपहर में मां ने कॉल कर बताया कि मकान में चोरी हो गई है। मकान से सोने का मंगलसुत्र 02 नग एक बडा, एक छोटा, एक नग सोने की अंगुठी, एक नग चांदी का हाफ कर्धन, एक जोडी चांदी का पायजेब, एक नग चांदी का चैन,अन्य चांदी का सामान गायब मिला। जिसकी कीमत 48 हजार रुपए आंकी गई है।

### कुर्मी क्षत्रिय समाज का डॉ बघेल जयंती समारोह आज

**सेलूद।** मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज द्वारा स्वतंत्रता सेनानी डॉ. खूबचंद बघेल की 125 वीं जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन 27 जुलाई रविवार को दोपहर 12 बजे से कुर्मी सामुदायिक भवन, पाटन किया गया है।

जहां पूजा अर्चना एवं पत्रकार सम्मान समारोह होगा। वहीं काव्य गोष्ठी में मीरअली मीर (गीतकार रायपुर), कृष्णकुमार भारदीय (हास्य कवि, नांदघाट), ऋषि कुमार वर्मा (बैगा) (हास्य व्यंग्य, निनवा) अपनी कविताओं का पाठ करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल होंगे। अध्यक्षता युगल आडिल राजप्रधान छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज, पाटन राज करेंगे। वहीं विशेष अतिथि सांसद विजय बघेल सीताराम वर्मा, जितेन्द्र वर्मा देवेन्द्र चंद्रवंशी कीर्ति नायक और कमलेश वर्मा होंगे।

# युक्तियुक्तकरण शिक्षकों की संभाग में चल रही सुनवाई, लेटलतीफी से दिक्कत, निलंबन टला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

युक्तियुक्तकरण होने के बाद भी शिक्षकों की ज्वाइनिंग स्कूलों में नहीं हो पाई है। इसलिए कि दुर्ग जिला स्तर पर सुनवाई करने के बाद अब संभाग में शिक्षकों ने अभ्यावेदन लगाया है। इसलिए संभाग स्तर पर संभागायुक्त कार्यालय में सुनवाई चल रही है। सुनवाई की वजह से जिला शिक्षा विभाग ने ज्वाइनिंग नहीं करने वाले शिक्षकों का निलंबन टाल दिया है।

### 80 शिक्षकों की सुनवाई पूरी

संभागीय आयुक्त कार्यालय में अब तक दुर्ग जिले के 80 शिक्षकों की सुनवाई कर ली गई है। 30 शिक्षकों का अभ्यावेदन की सुनवाई अभी और होनी है। इस हिसाब से ये पूरा महीना सुनवाई में ही चली जाएगी। खास बात यह है कि शिक्षकों ने ऐसी रणनीति बनाई है कि एक-एक कर अभ्यावेदन लगा रहे हैं। जिसकी वजह से सुनवाई की तिथि भी लगातार बढ़ती जा रही है।

### डेढ़ महीने से इस तरह हो गई है पढ़ाई ठप

**हाईकोर्ट में दायर है याचिका**

युक्तियुक्तकरण का सबसे बड़ा खामियाजा यदि भुगत रहे हैं तो वे है विद्यार्थी। शिक्षक युक्तियुक्तकरण आदेश को मानने के लिए तैयार नहीं हैं। इसलिए वे हाईकोर्ट में याचिका लगा रखी है। हाईकोर्ट के आदेश पर ही जिला व संभाग स्तर पर उनके अभ्यावेदनों पर सुनवाई चल रही है। 16 जून को सरकारी स्कूल खोले गए हैं और इस तरह डेढ़ महीने हो गया है। अकेले दुर्ग जिले में करीब 150 शिक्षक ऐसे हैं जिन्होने युक्तियुक्तकरण आदेश के बाद ज्वाइनिंग नहीं ली है।

**स्कूलों में नहीं पहुंच रही किताबें**

स्कूलों में सरकारी किताबें नहीं पहुंची है। जिले के 1400 स्कूलों में कई विषयों की किताबें विद्यार्थियों को नहीं मिल पाई है। जिसकी वजह से विद्यार्थियों की पढ़ाई शुरू नहीं हो पा रही है। खासकर उन कक्षाओं की जहां इस बार किताबें ही बदल दी गई है। एनसीईआरटी ने किताबें भी बदली है। इसलिए शिक्षक बिना नई किताब के पढ़ाई नहीं करवा पा रहे हैं। कक्षा पहली से लेकर आठवीं तक के विद्यार्थियों को पुस्तक समस्या से जूझना पड़ रहा है।

**संभाग से जाएंगे राज्य में :** स्कूल शिक्षा विभाग ने युक्तियुक्तकरण वाले शिक्षकों को ऐसी व्यवस्था दी है कि उसका पूरा फायदा शिक्षक उठा रहे हैं। मसलन जिला स्तर पर सुनवाई के बाद शिक्षक यदि संतुष्ट नहीं है तो वह संभाग में जा सकता है। संभाग की सुनवाई में यदि संतुष्ट नहीं हुआ तो राज्य में अभ्यावेदन लगा सकता है। यही वजह है राज्य में जाने की तैयारी है।

### निलंबन आदेश इस तरह टलता जा रहा

जिला शिक्षा अधिकारी ने 23 जुलाई तक युक्तियुक्तकरण के आदेश का पालन नहीं करने वाले शिक्षकों को निलंबित करने की बात कही थी। उसके बाद दो दिन और समय दिया। उसके बाद भी यह मामला अब टल गया है। सूत्र बताते हैं कि 15 जुलाई को ही संभागीय सचिव ने सुनवाई के लिए पत्र जारी कर दिया था। 17 जुलाई को संभाग कमिश्नर ने सुनवाई का पत्र जारी किया। जिसे जिला शिक्षा अधिकारी ने ब्लॉकों में भेजा। उसके बाद 21 जुलाई को जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि 23 जुलाई तक ज्वाइनिंग नहीं करने पर निलंबन कर देंगे। शिक्षकों में सुनवाई के बीच निलंबन आदेश की खबर से रोष है।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

## नगर पालिक निगम भिलाई तैयार कर रही कार्ययोजना

# शहर विकास के रोडमैप को अंतिम रूप 28 को

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

छत्तीसगढ़ नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग का मुख्य उद्देश्य शहरों का योजनाबद्ध विकास करना है। जिसके मंशानुरूप शहर विकास योजना (सिटी डेवलपमेंट प्लान) नगर पालिक निगम भिलाई शहर हेतु तैयार की जा रही है । शहर विकास योजना किसी शहर के भावी विकास के लिए एक महत्वपूर्ण रोडमैप है। यह योजना शहर के वर्तमान स्वरूप का विश्लेषण करती है, भविष्य की जरूरतों का अनुमान लगाती है, और विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए रणनीतियों और नीतियों की रूपरेखा तैयार करती है। यह योजना शहर के सुनियोजित विकास को सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है। शहर विकास कार्य में मुख्य रूप से मार्गों के चौड़ीकरण, रोड विस्तारीकरण, साइंस सिटी का निर्माण, रिंग रोड का निर्माण, स्विमिंग पूल का निर्माण, बेहतर प्रकाश व्यवस्था, छोटे एवं बड़े नालों का निर्माण, सौंदर्यीकरण के कार्य, बेहतर सफाई व्यवस्था, वाटर हार्वेस्टिंग सहित तड़ित चालक एवं अन्य विकास कार्य शामिल हैं।

- भविष्य की जरुरतों को देखते हुए बनाया जा रहा प्लान

### शहरवासियों के सुझाव भी हुए शामिल

नगर निगम भिलाई के निगम सभागार में शहर विकास योजना के संबंध में आयुक्त राजीव कुमार पांडेय द्वारा 30 जून को बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी द्वारा सिटी डेवलपमेंट का विस्तृत प्लान प्रस्तुत किया गया था। महापौर, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, नेता प्रतिपक्ष, पार्षदगण, समाजसेवी एवं शहर के आम नागरिकों से मार्गदर्शन एवं सुझाव प्राप्त किया गया था। साथ ही जोन कार्यालय में कार्य के औचित्य सहित सुझाव आमंत्रित किया गया था। सिटी डेवलपमेंट प्लान के संबंध में नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव एवं संचालक द्वारा वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बैठक ली गई है।

### जोनवार फाइनल रोड मैप करेंगे तैयार

मुख्य अभियंता एवं प्रभारी आयुक्त भागीरथी वर्मा के अध्यक्षता में 23 जुलाई को समीक्षा बैठक बुलाई गई। जिसमें शासन से दिए गए निर्देशों के अनुरूप सीडीपी निर्माण कर प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है। सिटी डेवलपमेंट प्लान के संबंध में दिए गए निर्देशों के परिपालन में संबंधित जोन आयुक्त, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, उप अभियंता को निर्देशित किया गया है । सोमवार तक अनिवार्य रूप से जोन वाइज फाइनल शहर विकास कार्य का रोड मैप तैयार किया जाएगा ।

### 28 को देंगे सीडीपी को अंतिम रूप

आयुक्त राजीव पांडेय ने बताया कि 28 जुलाई को दोपहर 12 बजे तक परियोजना शाखा में सभी जोन से प्लान आ जाएंगे।दोपहर 3 बजे मुख्य अभियंता कक्ष में सभी की उपस्थिति सीडीपी को अंतिम रूप दिया जाएगा।

## इंटक ने 130 ठेका श्रमिकों को वेलफेयर से मिली सहयोग राशि

**भिलाई।** स्टील ठेका श्रमिक यूनियन के वेलफेयर एसोसिशन द्वारा बीएसपी के 130 ठेका श्रमिकों को सहयोग राशि प्रदान किया गयी है ।



यूनियन ऑफिस में टीएंडडी विभाग के टी एक्स आर में कार्यरत ठेका श्रमिक स्व. लीलाराम बंजारे के परिवार को 10 हजार रुपए वेलफेयर राशि प्रदान की गई। उसकी घर जाते समय के भिलाई तीन के निकट वाहन द्वारा टोकर मारने से एम्स रायपुर में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी। इसके अलावा तबीयत खराब होने से ड्यूटी नहीं आने वाले टी एंडी डी विभाग के टीकाराम साहू को 5 हजार रुपए कमलनाथ ठाकुर को 4 हजार रुपया व अमित कुमार को 2 हजार रूपये सहयोग राशि दी गई।

यूनियन के अध्यक्ष संजय साहू कहा कि श्रमिक वेलफेयर एसोसिएशन की तरफ से बीएसपी के ठेका श्रमिकों के समस्या के समाधान के साथ सुविधाओं में बढ़ोतरी ,उनके परिवार के विकास, कौशल उन्नयन एवं कल्याण के लिए अनेक कार्यक्रम कर रही है स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक ठेका श्रमिकों के बेहतर भविष्य के लिए प्रयासरत है। बैठक में सीपी वर्मा, दीनानाथ सिंहसार्वा, आर दिनेश मनोहर लाल गुरुदेव साहू रिखी राम साहू संतोष ठाकुर , के रामू आदि उपस्थित थे।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, रविवार 27 जुलाई 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

04



किटी पार्टी में स्टाइल करें इंडो-वेस्टर्न साड़िया, दिखेगा बस आपका जलवा

## सिटी इवेंट

## वैश्विक बाजार में भागीदारी बढ़ाने के लिए क्वालिटी बेहतर होना जरूरी



**भिलाई।** गुणवत्ता यात्रा विषय पर एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम भिलाई के निजी होटल में हुआ। इसका उद्देश्य प्रयोगशालाओं की मान्यता और नियामक मानकों के पालन के महत्व को उद्योगों और निर्यातकों के बीच पहुंचाना रहा। ताकि भारत के इंजीनियरिंग निर्यात को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाया जा सके।

- गुणवत्ता यात्रा विषय पर एक दिवसीय कार्यक्रम में जुटे बड़े कारोबारी
- विश्व के बाजार में भागीदारी को लेकर किया मंथन

कार्यक्रम का उद्घाटन चेंबर ऑफ कामर्स के महामंत्री अजय भसीन ने किया। उन्होंने कहा कि यदि हमें वैश्विक बाज़ार में भारत की भागीदारी को सशक्त बनाना है, तो गुणवत्ता, मान्यता और अंतरराष्ट्रीय मानकों का पालन अनिवार्य है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकल से ग्लोबल का मंत्र दिया है, जिसे साकार करने के लिए उद्योगों को प्रयोगशाला मान्यता की ओर विशेष ध्यान देना होगा। कार्यक्रम में एनएबीएल, क्यूसीआई, ईईपीसी इंडिया, उद्योग विभाग से जुड़े अधिकारी, बड़े कारोबारी सहित अन्य शामिल हुए।

### क्वालिटी बेस्ड वर्किंग को बढ़ाने पर किया मंथन

विशेष वक्ता संजय मिश्रा ने प्रयोगशाला एक्रिडिटेशन की प्रक्रिया, सरकारी योजनाएं, नियामक ढांचा और गुणवत्ता नियंत्रण के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि क्वालिटी बेस्ड वर्किंग से व्यापार को बढ़ाया जा सकता है। कार्यक्रम में चेम्बर चेयरमैन दिनकर बासोतिया, अनिल शर्मा, अनिल जेठानी, रोहन कुकरानिया, लल्लन तिवारी, शमन नथानी, उद्योग चेम्बर अध्यक्ष जेपी गुप्ता, भोला नाथ सेठ, शिवराज शर्मा, रोहित भसीन, मनोहर कृष्णानी सहित अन्य मौजूद थे। कार्यक्रम में बताया गया कि नवीन उद्यमियों, एमएसएमआईएस और निर्यातकों को अब सरकारी स्तर पर भी प्रयोगशाला मान्यता और गुणवत्ता प्रमाणीकरण हेतु व्यापक समर्थन मिल रहा है। ऐसे आयोजनों से उद्योगों में तकनीकी समझ और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता दोनों बढ़ती है।

## धूमधाम से तीज पर्व मनाएगा जाट समाज, होंगे विविध कार्यक्रम

**भिलाई।** महाराजा सूरजमल जन कल्याण जाट समाज भिलाई के द्वारा हर साल की तरह इस बार भी 27 जुलाई रविवार को जाट भवन सेक्टर 5, सड़क नंबर 9 में सुबह 10 बजे से धूमधाम से तीज पर्व मनाया जाएगा। आयोजन के दौरान छत्तीसगढ़ के सीबीआई प्रमुख एसएन जाट मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे और समाज के लोग शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान तीज क्वीन, मेहंदी, खेलकूद व रंगोली तियोगिता का आयोजन रखा गया है। इस दौरान बच्चे रंगारंग प्रस्तुति भी देंगे। कार्यक्रम में शामिल होने वालों के लिए स्वरुचि भोज की भी व्यवस्था की गई है।

## लाइव इवेंट

## रक्तदान करने वालों को मिलेगा हेलमेट रतन भवन में रक्तदान शिविर आज

**दुर्ग।** राष्ट्र संत आनंद ऋषि एवं केसर देवी के जन्म महोत्सव पर वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक श्रमण संघ के बैनर तले जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब में 27 जुलाई को रक्तदान शिविर आयोजित है। सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक यह शिविर लगाया गया है। इसके साथ ही प्रातः कृष्णा गौशाला मोहलाई में गायों को गुड और हरी सब्जियां खिलाकर जीव दया का कार्य किया जाएगा। इस आयोजन में वर्धमान सेवा मंच श्रमण संघ, स्वाध्याय मंडल, श्रमण संघ, महिला मंडल एवं श्रमण संघ बालिका मंडल के सदस्य मौजूद रहेंगे। उनके द्वारा रक्तदान कर रक्तदान शिविर की शुरुआत की जाएगी।आयोजन समिति के प्रमुख अभिजीत पारख के संयोजन में रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है। रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को स्मृति स्वरूप शहर की सामाजिक एवं रचनात्मक कार्यक्रमों में सक्रिय संस्था डोनेट थोड़ा सा की ओर से हेलमेट दिया जाएगा।



## एमएड प्रथम सेमेस्टर में एडमिशन शुरू




**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त महाविद्यालयों में सत्र 2025-26 के एमएड प्रथम सेमेस्टर पाठ्यक्रमों में नियमित प्रवेश की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। 31 जुलाई तक आवेदन लिए जाएंगे। मेरिट सूची 1 अगस्त को जारी की जाएगी।

इस वर्ष अपोलो कॉलेज अंजोरा में 40 प्रतिशत विशेष छूट के साथ एमएड पाठ्यक्रम शुरू किया गया है। प्रवेश प्रक्रिया के लिए हेल्पलाइन नम्बर 8770899610 जारी किया गया है। प्रवेश के लिए ऑनलाइन प्रवेश आवेदन फार्म निशुल्क है, इसमें समस्त विद्यार्थियों को एबीसी आईडी बनाना अनिवार्य है। आईडी बनाने के बाद ही विद्यार्थी प्रवेश आवेदन फार्म भर सकेंगे। इस बार में अधिक जानकारी हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी या वेबसाइट से ली जा सकती है।

सेफ्टी गाइडलाइन : पुलिस रक्षा टीम ने इनर व्हील क्लब के सहयोग से बच्चों को पढ़ाया सेल्फ डिफेंस का पाठ

# स्कूली बच्चों ने जाना डिजिटल अरेस्ट को, गुड-टच बैड-टच को समझा आत्मरक्षा के गुर सीखे, जरूरी नंबर 112 और 1930 की ली जानकारी

**पुलिस रक्षा टीम ने शनिवार को इनर व्हील क्लब के सहयोग से स्कूली बच्चों के लिए एक जरूरी कार्यशाला का आयोजन किया। इस दौरान बच्चों को आत्मरक्षा, गुड-टच बैड-टच, डिजिटल अरेस्टिंग से बचने से लेकर अन्य जरूरी जानकारियां दी गई। इस दौरान बताया गया कि किसी भी आपदा की स्थिति के दौरान 112, 1930 या फिर 9479192099 नंबर पर फोन करें। इन नंबरों को याद रखें, जरुरत के समय फोन कर जानकारी दें। इससे आप किसी भी बड़े हादसे से बच सकेंगे। इस दौरान मोबाइल का उपयोग सावधानी से करने और परिजनों को भी इसकी जानकारी देने की सलाह दी गई। छात्र-छात्राओं को साइबर डिजिटल अरेस्टिंग के बारे में जागरूक किया गया।**

**भिलाई।** आयोजित कार्यक्रम में सहायक उपनिरीक्षक संगीता मिश्रा ने शाला परिसर में उपस्थित छात्र-छात्राओं, शिक्ष-शिक्षिकाओं को सोशल मीडिया से संबंधित जानकारी दी। पास्को एक्ट, नशे के उपयोग से होने वाली समस्या के बारे में बताया।

नशे से मुक्त होने के विभिन्न प्रकार साधनों की जानकारी दी। छात्र-छात्राओं को आवश्यक इमरजेंसी नंबर 112, 9479192099 के बारे में बताया। बताया गया कि अपनी निजी जानकारी अनजान व्यक्तियों से शेयर न करें। सोशल मीडिया का सेफ्टी फीचर के साथ उपयोग एवं 1930 इमरजेंसी नम्बर के बारे में बताया गया। अपने मोबाइल पर महत्वपूर्ण नम्बर को सुरक्षित रखने साथ ही साथ अपने पास रखें अपनी निजी जानकारी किसी से शेयर ना करने की नसीहत दी गई। उपस्थित छात्र छात्राओं को जीवन में आने वाली किसी भी प्रकार की समस्या को अपने माता-पिता एवं अपने गुरुजनों से शेयर करने एवं जीवन में आगे बढ़ने के लिए मोटिवेट किया गया। अपने पास रखे सामान जैसे पेन, पीन, बैग, बोतल, चाबी से अपनी सुरक्षा कैसे कर सकते हैं इस बारे में जानकारी दी गई। सेल्फ डिफेंस से जुड़ी कई जरूरी जानकारियां दी गई। खेल-खेल में बच्चों को आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए। आइडियल इंटरनेशनल स्कूल दुर्ग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में लगभग 90 छात्र छात्राओं, स्कूल प्रिंसिपल एवं शिक्षक शिक्षिकाएं, इनर व्हील क्लब के सदस्य उपस्थित रहे।










### बढ़ते अपराध के कारण आत्मरक्षा के गुर सीखना वर्तमान समय में हर किसी के लिए आवश्यक

आत्मरक्षा सीखना एक आवश्यक कौशल है जो हर किसी को सीखना चाहिए। यह न केवल शारीरिक सुरक्षा प्रदान करता है, बल्कि मानसिक शक्ति और आत्मविश्वास भी बढ़ाता है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आत्मरक्षा के गुर सीखना बहुत ज़रूरी है। खासकर महिलाओं और बच्चों के लिए, क्योंकि यह उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त बनाता है। आत्मरक्षा प्रशिक्षण से, व्यक्ति अधिक आत्मविश्वास और आत्म-सम्मान महसूस करते हैं, जिससे वे अधिक सशक्त और सुरक्षित महसूस करते हैं। आत्मरक्षा सीखने से व्यक्ति शारीरिक हमलों से खुद को बचाने में सक्षम होते हैं, खासकर जब वे असुरक्षित या खतरे में महसूस करते हैं। आत्मरक्षा प्रशिक्षण में व्यक्ति खतरों का आकलन करना और उनसे बचने के लिए रणनीतियों का विकास करना सीखते हैं। इसलिए ऐसे प्रशिक्षण जरूरी हैं। भविष्य में यह बहुत उपयोगी हो सकते हैं।



## एग्रीकल्चर की काउंसिलिंग के लिए आवेदन प्रक्रिया पूरी, 12वीं पास भी पात्र

**भिलाई।** बीएससी एग्रीकल्चर की काउंसिलिंग के लिए आवेदन की प्रक्रिया शनिवार को पूरी हो गई। इस काउंसिलिंग में पीएटी नहीं देने वाले बारहवीं पास छात्र भी शामिल हो सकते हैं। उन्हें भी एडमिशन के लिए पात्र किया गया है।



इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों में बीएससी एग्रीकल्चर की 2015 सीटें हैं। दो राउंड की काउंसिलिंग में 1459 सीटों में प्रवेश हुआ है, 556 खाली हैं। आवेदन के बाद दस्तावेजों का सत्यापन कृषि महाविद्यालय रायपुर में 28 और 29 जुलाई को होगा। 30 जुलाई को मेरिट और आवंटन लिस्ट जारी होगी। इसके अनुसार एडमिशन होंगे। कृषि विवि से संबद्ध राज्य में 32 कॉलेज हैं। इनमें 25 सरकारी और 7 प्राइवेट हैं। बारहवीं पास उन छात्रों को भी प्रवेश के लिए अवसर दिया जा रहा है, जो प्रवेश परीक्षा में शामिल नहीं हुए थे। जानकारी के मुताबिक पुराने और अच्छे सरकारी एग्रीकल्चर कॉलेज जैसे रायपुर, बिलासपुर, अंबिकापुर, जगदलपुर आदि छात्रों की पहली पसंद हैं। यहां की सीटें भर जाती है। लेकिन जिन सरकारी कॉलेजों में सुविधाएं नहीं हैं उसके प्रति रुझान कम है। इसी तरह प्राइवेट कॉलेजों की भी डिमांड कम है। इधर पाटन में संचालित कृषि कॉलेज में भी एडमिशन की प्रक्रिया चल रही है। स्टूडेट्स में इस कॉलेज को लेकर भी खासा उत्साह है।

## डाक कांवड़ यात्रा 4 को

**भिलाई।** सावन माह के पावन अवसर बाबा दरबार धनोरा के तत्वावधान में 4 अगस्त सोमवार को भव्य डाक कांवड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। संयोजक लक्ष्मण बाबा के नेतृत्व में सभी शिवभक्त सुबह 6 बजे महावीर उद्यान में एकत्रित होकर शिवनाथ नदी के लिए रवाना होंगे। संयोजक लक्ष्मण बाबा ने बताया कि भगवान शिव को जल अर्पित करने के लिए धनोरा की ओर कांवड़ लेकर पैदल यात्रा करेंगे। यात्रा गंजपारा, कचहरी चौक ,केला बाड़ी, महाराजा चौक, बोरसी होते हुए सीधे महावीर उद्यान पहुंच कर जल अर्पित करेंगे। दोपहर 12 बजे पूजा अर्चना कर जलाभिषेक एवं रुद्राभिषेक किया जाएगा। सभी श्रद्धालुओं के लिए महाभण्डारा की व्यवस्था की गई है। डांक कांवड़ यात्रा को सफल बनाने के लिए लक्ष्मण बाबा,विनोद साहू, राजू यादव ,मनसुखा साहू ,मनोज पटेल ,रोमनाथ साहू ,बबलू ,गज्जू रायपुरीहा ,भोलू साहू आदि मौजूद थे।

## प्राचीन शिव मंदिर कोड़िया में महापुराण कथा आज से

**भिलाई।** प्राचीन शिव मंदिर कोड़िया में शिव महापुराण कथा का आयोजन होने जा रहा है। 27 जुलाई को दोपहर 2 बजे से इसकी शुरुआत होगी। कथा 2 अगस्त तक चलेगी।

आयोजकों ने बताया कि कोड़िया में सबसे प्राचीन शिव मंदिर है। जहं शिव पुराण धाम में शिव महापुराण कथा का आयोजन होने जा रहा है। कथावाचक 13 वर्षीय बाल व्यास धीरेन्द्र महाराज होंगे, जो वृंदावन धाम से पधार रहे हैं। वे भगवान शिव की कथा भक्तों को श्रवण कराएंगे।



संगीतमय शिव पुराण कथा में भगवान शिव की कथाओं की भव्य झांकियां भी प्रस्तुत की जाएगी। श्रावण मास के पावन पर्व पर भगवान भोलेनाथ की कथा का रसपान शिव भक्तों को शिव कोकड़ी मंदिर प्रांगण में कराया जाएगा। धीरेन्द्र महाराज वेलफेयर फाउण्डेशन वृंदावन के सहयोग से यह आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष गिरीश कटारे, शिव कोकड़ी मंदिर कमेटी के अध्यक्ष गजानन पटेल, डोमार वर्मा सहित अन्य मौजूद रहेंगे। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे शुरू होगी, जो शाम 5 बजे तक चलेगी। कथा का संगीतमय आयोजन किया जा रहा है। आयोजन की तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस अवसर पर प्रतिदिन प्रसाद का वितरण किया जाएगा। भक्तों की जुटने वाली भीड़ को ध्यान रखते हुए व्यापक स्तर पर इंतजाम किए गए हैं।

एक दिवसीय कार्यशाला में बिजली कंपनी प्रबंध निदेशक हुए शामिल

# सफलता के लिये सारी ऊर्जा लक्ष्य पर फोकस करें, आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** व्यापार में सफलता के लिए वैदिक ऊर्जा का मार्ग' पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक भीमसिंह कंवर ने कहा कि ब्रह्माण्ड में ऊर्जा ही ऊर्जा है। उसी से सबको ऊर्जा मिलती है। हम जो विचार करते हैं, वह ऊर्जा का ही रूप है। हम सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ाते हुए नकारात्मक ऊर्जा को हटाते जाते हैं। इस सकारात्मक ऊर्जा को लक्ष्य की दिशा में फोकस करते हैं तो सफलता सुनिश्चित हो जाती है। चाहे जीवन का कोई भी कार्य हो अपनी शत-प्रतिशत ऊर्जा लगाकर करेंगे तो आपको सफल होने से कोई नहीं रोक सकेगा। उन्होंने कहा कि दुनिया अणु परमाणु से ही बनी है। यह बात हजारों साल पहले वैदिक महर्षि कणाद ने कही थी। उन्होंने ब्रम्हांड को ऊर्जा स्वरूप बताया था।



### भगवान शंकर ने पार्वतों को स्वरों का दिया ज्ञान

कंवर ने कहा कि भगवान शंकर ने माता पार्वती को स्वरों का ज्ञान दिया था। ऋषि-मुनियों ने और खोजकर इसे जनता के समक्ष लाया। उन्होंने बताया कि हमारे देश में ऋशि मुनियों ने बहुत सारी खोज की है। उन्होंने कहा कि ब्रम्हांड में ऊर्जा ही ऊर्जा है। ऊर्जा ना बनती है और ना ही खत्म होती है, ऊर्जा का बस रुपांतरण होता है। जैसे आजकल हम सूर्य की ऊर्जा का उपयोग कर बिजली घर पर उत्पन्न कर घरों को रोशन कर सकते है। ठीक उसी तरह आप अपनी ऊर्जा को अपने तप से सकारात्मक दिशा दे तो आपकी सफलता सुनिश्चित है।

### व्यापार में आने वाली चुनौतियों का करें सामना, मिलेंगे सार्थक परिणाम

एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन सिविक सेंटर स्थित कला मंदिर में किया गया। मुख्य वक्ता बिजनेस एवं एनर्जी गुरु जयंत पांडेय ने उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए बताया कि कैसे वैदिक ज्ञान, जिसमें ज्योतिश, वास्तु शास्त्र और ध्यान जैसी प्रथाएं शामिल हैं, व्यापार में आने वाली चुनौतियों का सामना करने और अवसरों का अधिकतम लाभ लेने में मदद कर सकता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आंतरिक शांति, सकारात्मक दृष्टिकोण और ब्रम्हाण्डीय ऊर्जा के साथ तालमेल व्यापारिक निर्णयों और परिणामों पर गहरा प्रभाव डाल सकता है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए, अतिथियों को किया गया सम्मानित

कार्यशाला के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं अन्य सत्र भी आयोजित किए गए। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रुप में दुर्ग-भिलाई शहर के प्रतिष्ठित शिक्षाविद् आईपी मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यशाला में सीएसपीडीसीएल दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल सहित दुर्ग-भिलाई शहर के उद्योगपति एवं व्यापारीगण बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत उपस्थित अतिथियों को सम्मानित किया गया।

## सिटी इवेंट

### छत्तीसगढ़ी व्यंग्य संग्रह कलंकपुर के कलंक का हुआ विमोचन



**भिलाई।** साहू मित्र सभा सुपेला के सभागार में साहित्य प्रकोष्ठ के तत्वावधान में पुस्तक विमोचन, वृक्षारोपण और काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ। प्रथम सत्र में डॉ. दीनदयाल साहू की कृति छत्तीसगढ़ी व्यंग्य संग्रह कलंकपुर के कलंक का विमोचन किया गया। डॉ. दीनदयाल साहू की अब तक छत्तीसगढ़ी और हिन्दी में विभिन्न विधाओं में 18 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में व्यंगकार विनोद साव उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता साहू मित्र सभा भिलाई के अध्यक्ष खेद राम साहू ने की। विशेष अतिथि के रूप में डॉ. वेदवती मंडावी साहित्यकार व प्रांतीय अध्यक्ष प्रगति महिला गोंडवाना समाज, डॉ. डीपी देशमुख संपादक कला परम्परा और अंगना के गोठ, डॉ ऋचा ठाकुर प्राचार्य शासकीय नवीन संगीत महाविद्यालय दुर्ग, मणि मेखला शुक्ला प्राध्यापक राजनीति विज्ञान और डॉ. शबाना कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय ने अपनी सहभागिता दी। साहित्यकारों ने कहा कि कलंकपुर के कलंक पर विस्तार से अपनी बात रखी। इस व्यंग्य संग्रह के माध्यम से सामाजिक परिप्रेक्ष्य में जो संदेश देने का प्रयास किया गया है उसे चित्रित किया गया। साथ ही व्यंग्य विधा की समाज में भूमिका के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में डॉ. नीलकंठ देवांगन, फकीर राम साहू, केपी साहू, इस्माइल आजाद, टेकचंद साहू, डालेश्वरी साहू, ओमप्रकाश जायसवाल, हेमलाल साहू निर्मोही, श्रद्धा वर्मा, रियाज खान गौहर, डा नौशाद सिद्दीकी, डॉ. राघवेन्द्र राज, उमाशंकर क्रोधी, जितेन्द्र वर्मा वैद्य, रामकुमार वर्मा, इंद्रजीत दादर, रूही साहू, सिद्धार्थ साव, हर्ष देव साहू सहित अन्य मौजूद थे।



## स्पोर्ट्स इवेंट

### मार्शल आर्ट में मुकेश भुवल को मिला रजत पदक, हुआ सम्मान

भिलाई। शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के बीएससी बायोटेक के छात्र मुकेश भुवल ने राष्ट्रीय स्तर की मिश्रित मार्शल आर्ट्स



प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक प्राप्त किया। मिश्रित मार्शल आर्ट्स के अंतर्गत मुक्केबाजी, कुश्ती, जूडो, कराते तथा थाई मुक्केबाजी शामिल है। एक प्रकार से यह हाइब्रिड लड़ाकू खेल है। बायोटेक की प्राध्यापक डॉ. शेफाली माथुर ने बताया कि मुकेश भुवल ने तेलंगाना एसोसिएशन ऑफ मिक्सड मार्शल आर्ट्स द्वारा हैदराबाद में आयोजित राष्ट्रीय चैंपियनशिप प्रतियोगिता में भाग लिया। इस प्रतियोगिता के 120 किलो ग्राम वर्ग में जूनियर एमेच्योर स्पर्धा में अच्छे अंकों के साथ रजत पदक प्राप्त किया। पुरस्कार वितरण समारोह में भारतीय टीम के कोच शेख खालिद एवं राष्ट्रीय संगठन के प्रेसिडेंट शरीफ बापू उपस्थित थे। मुकेश भुवल की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति आईपी मिश्रा, कुलपति डॉ. एके झा, कुलसचिव डॉ. स्मिता सिलेट, डायरेक्टर विकास डॉ. सुशील चंद्र तिवारी ने बधाई दी है।

## लाइव इवेंट

### हरेली त्यौहार में विद्यार्थियों ने किया पौधरोपण, चखा गुलगुला भजिया



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ कृषि महाविद्यालय धनोरा में हरेली त्यौहार बड़े जोश और उत्साह के साथ मनाया गया। इसमें बीएससी कृषि के छात्र-छात्राओं ने कृषि यंत्रों की पूजा की। छत्तीसगढ़ के पकवान चीला और कई प्रकार के भोग गुलगुला भजिया भी चढ़ाया। कॉलेज के छात्र छात्राओं में भूनेश साहू, डोजेश यादव, अनन्या शर्मा, नारायणी देवांगन, दिव्या देशमुख, पायल सिन्हा, काजल सिन्हा, यास्मीन साहू, दिशा वर्मा, भूमिका वर्मा, नीलिमा, श्रुति सोनी, निशा,वंदना, आकांक्षा, देवाशीष, साहित्य साहू, मोहनीश, दिव्यांश, नरेश डडसेना, और स्टूडेंट्स यूनियन के प्रेसिडेंट प्रथम सोनी, वाइस प्रेसिडेंट पूर्वा डड़सेना के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी विवेक पांडे मौजूद थे।

- बीएससी कृषि के छात्र-छात्राओं ने किया कृषि यंत्रों का पूजा
- कृषि कॉलेज में मनाया हरेली पर्व

---

● कारगिल विजय दिवस पर स्कूलों से निकली जागरुकता रैली, कॉलेज में संगोष्ठी का आयोजन

# कारगिल युद्ध में हमने गंवाए अपने 527 जवान, 1363 हुए घायल, इन वीर सैनिकों की वजह से हम घर पर सो पाते हैं चैन से

**भिलाई।** 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया गया। दुर्ग, भिलाई के स्कूल और कॉलेजों में अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कारगिल की उस लड़ाई को याद किया गया, जिसमें हमारे देश के 527 जवान शहीद हुए। 1363 से ज्यादा जवान घायल हुए। इसे लेकर गर्ल्स कॉले दुर्ग में एक संगोष्ठा का आयोजन किया गया, जिसमें मौजूद प्राध्यापकों ने अपने विचार रखे। इसी प्रकार जवाहर लाल नेहरू स्कूल खुर्सीपार के विद्यार्थियों ने जागरुकता रैली निकाली।

रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। इस दौरान कारगिल के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जानकारी दी गई कि कारगिल युद्ध भारत और पाकिस्तान के बीच मई से जुलाई 1999 तक लद्दाख में हुआ। कारगिल ज़िले में यह युद्ध लड़ा गया, जो उस समय भारत प्रशासित जम्मू और कश्मीर राज्य का हिस्सा था। नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर स्थित था। भारत में इस संघर्ष को ऑपरेशन विजय नाम दिया गया। इस युद्ध में भारत को विजय मिली और पाकिस्तान को पैर पीछे खींचने पड़े। इसके बाद से 26 जुलाई के इस दिन को कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है।



### वीर सैनिकों की सुनाई गई वीरगाथा, चयन प्रक्रिया पर डाला प्रकाश

गर्ल्स कॉलेज दुर्ग में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा कारगिल विजय दिवस का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने करगिल के शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर तैल्य चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया गया। प्राचार्य ने कहा कि इन्हीं देशभक्त सैनिकों के कारण हम अपने घरों में चैन की नींद सोते है, सैनिक बहुत ज्यादा अपने कार्य के प्रति कर्त्तव्यनिष्ठ एवं समर्पित होते हैं। डॉ. सुषमा यादव ने कहा कि कारगिल युद्ध के जवान अपना सर्वस्व न्यौछावर कर देश के आन-बान की रक्षा की। छात्राओं को कारगिल युद्ध का इतिहास की जानकारी दी। डॉ. ऋतु दुबे ने कैप्टन विक्रम बत्रा, लेफ्टिनेंट मनोज कुमार पांडेय, योगेंद्र सिंह यादव और राइफलमैन संजय यादव जैसे वीर सैनिकों की बहादुरी, साहस और विजयगाथा के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। वहीं डॉ. मुक्ता बाखला ने कारगिल युद्ध की रणनीतियों और सैनिकों के चयन की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। कविता मालेकर, हेमकुमारी देशमुख और सिहरन सारवे ने भी इस अवसर पर सहभागिता दी। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस की छात्रा हर्षिता ने किया। आभार प्रदर्शन डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने किया। इस कार्यक्रम में डॉ. अनुजा चौहान, डॉ. मोनिया राकेश, डॉ. मुक्ता बाखला, श्रीमती ज्योति भरणे, विमल यादव, विजय चंद्राकर, ओम ध्रुव सहित अन्य मौजूद थे।

### रैली निकालकर शहीदों को आर्पित की श्रद्धांजलि, अनेक स्पर्धा का आयोजन



कारगिल विजय के उपलक्ष में कारगिल दिवस स्वामी आत्मानंद पंडित जवाहरलाल नेहरू उत्कृष्ट हिंदी माध्यम, नया खुर्सीपार, भिलाई में मनाया गया। इस उपलक्ष में चित्रकला, रैली, निबंध एवं क्विज कंपटीशन कराया गया। इस कार्यक्रम में शाला की प्राचार्या प्रीति गुप्ता एवं यामिनी साहू के नेतृत्व में समस्त शिक्षक बच्चे एवं शाला के समस्त परिवार तथा विकास समिति के सदस्य तथा अध्यक्ष निर्मल साहू जी एवं कार्यकारिणी सदस्य मनीष अग्रवाल की उपस्थिति में मनाया गया। इस अवसर पर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कारगिल युद्ध के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी गई।

**स्कूल और कॉलेजों में किया गया आयोजन, वीर सपूतों की दी जानकारी:** इस अवसर पर अन्य सरकारी स्कूल और कॉलेज में भी कार्यक्रम हुए, जहां वीर सपूतों के बारे में जानकारी दी गई। मुख्य रूप से कारगिल में हुए युद्ध की राजनीतिक, रणनीतिक और सैनिकों के पराक्रम को परिभाषित किया गया। आयोजित कार्यक्रम के अंत में आयोजित प्रतियोगिताओं को प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। बताया गया कि कारगिल दिवस पर प्रतिवर्ष इस तरह के आयोजन किए जाते हैं, ताकि आज के युवाओं को 1999 में हुए इस युद्ध के बारे में सही जानकारी हो सके।

---

## आपदा के दौरान राहत...

# एसडीआरएफ ने सुरजी नाला में तीन लोगों को बहने से बचाया



**भिलाई।** एसडीआरएफ की टीम ने शनिवार को सुरजीनाला के ऊफान पर होने के दौरान तीन लोगों को बहने से बचाया। टीम ने वासु, त्रिभुवन, भूमि का रेस्क्यू किया। जानकारी के मुताबिक चोरहा नाला रामपुर नाला के किनारे बनी बाड़ी की बाढ़ में तीन लोग फंस गए थे। इसकी जानकारी पुलिस कंट्रोल रूम को दी गई। कंट्रोल रूम से यह जानकारी एसडीआरएफ टीम तक पहुंची। इसके बाद जिला सेनानी अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में बचाव अभियान शुरू किया गया। कड़ी मशक्कत के बाद 3 लोगों और तीन बकरी को सुरक्षित निकाला गया।

**बाड़ी में काम करने के दौरान फंसे थे लोग**



## बीएमवाई चरोदा में कार्यशाला का आयोजन

# रेलवे ट्रेनिंग स्कूल में दी गई फायर सेफ्टी और ट्रैक क्लीयरेंस से जुड़ी जानकारी



**भिलाई।** बीएमवाई चरोदा में ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन के लिए परिचालन, विद्युत परिचालन, यांत्रिक तथा इंजीनियरिंग विभाग के कर्मचारियों के साथ कर्मचारी ट्रेनिंग स्कूल, परिचालन, बीएमवाई में संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

इसमें स्पैड से बचाव एवं ऑटोमेटिक सिग्नलिंग फेलुअर के दौरान दी जाने वाले प्राधिकार और चालक एवं ट्रेन मैनेजर द्वारा ली जाने वाली सावधानियां, शंटिंग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां एवं गाड़ियों की सिक्योरिंग तथा रिलिजिंग के बारे में बताया गया। इंजीनियरिंग विभाग ने ट्रैक संबंधी बरती जाने वाली वर्षा कालीन सावधानियों से अवगत कराया। कार्यक्षेत्र में निजी संरक्षा, ट्रेन में हॉट एक्सल, ब्रेक बाइंडिंग, दरवाजा खुलना एवं असमान लोडिंग से बचाव के लिए कैरिज एवं वैगन कर्मचारी, चालक दल, ट्रेन प्रबंधक और स्टेशन कर्मचारियों द्वारा की जानेवाली जांच तथा अग्निशामक यंत्र का उपयोग को प्रदर्शित किया गया। सेमिनार में सुरेश चन्द्र वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी प्रमुख रूप से मौजूद थे।

प्रत्येक माह में 2 संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया जाता है। ताकि कर्मचारियों में कार्य करने के दौरान संरक्षा के प्रति जागरुकता लाई जा सके। उक्त संरक्षा संगोष्ठी में संरक्षा सलाहकार, सुपरवाइजर एवं फील्ड कर्मचारियों को मिलाकर कुल 82 लोगों ने इस कार्यशाला में हिस्सा लिया।

### स्मृतिनगर में बाल गंगाधर तिलक की प्रतिमा का अनावरण

**भिलाई।** स्मृतिनगर स्थित लोकमान्य तिलक उद्यान में बाल गंगाधार तिल की प्रतिमा स्थापित की जा रही है। 27 जुलाई को दोपहर साढ़े 3 बजे प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। आयोजित कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल, वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। स्मृतिनगर गृह सहकारी संस्थान द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। महाराष्ट्र स्नेह मंडल नेहरूनगर ने प्रतिमा भेंट स्वरूप दी है। इस अवसर पर तिलक पर संगोष्ठी का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें अतिथिगण द्वारा तिलक के जीवन पर आधारित विषयों के बारे में अपने विचार प्रकट करेंगे। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को सम्मानित किया जाएगा।

---

## नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी आयोजन

# दुर्ग में 2 और 3 अगस्त को सावन मेला, महिलाओं के लिए होंगी रंगारंग स्पर्धाएं, सांस्कृतिक आयोजनों के साथ पारंपरिक खेल भी

**कार्नर न्यूज**

दुर्ग। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी दुर्ग में महिलाओं के सावन तिहार का आयोजन किया जाएगा। इस बार दो दिवसीय आयोजन 2 और 3 अगस्त को किया जाएगा। इस दौरान रंगारंग और मजेदार प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक आयोजन और पारंपरिक खेल होंगे।सावन उत्सव में खेल, संगीत और परंपरा का संगम, केवल भवन सभागार में लगेगा। नगर निगम की सांस्कृतिक प्रभारी हर्षिका जैन ने बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि उत्सव का रंग, महिलाओं को मिलेगा मंच और सम्मान। इस उद्देश्य से यह आयोजन किया जाना है। अंतिम दिन विजेता महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। महापौर अलका बाघमार के मार्गदर्शन में आयोजन की तैयारी है। बैठक में समिति के सदस्य मनीष कोठारी, लोश्ववरी ठाकुर, प्रतिभा गुप्ता, मुन्ना यादव सहित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।



### कुर्सी दौड़, मटकी फोड़, थाली सजाओ, घोड़ा दौड़ जैसी स्पर्धाएं होंगी

सावन मेला का आयोजन 2 अगस्त को सुबह 10 बजे से किया जाएगा। स्टेशन रोड स्थित केवल भवन में सारे कार्यक्रम होंगे। इस आयोजन का उद्देश्य महिलाओं में सांस्कृतिक चेतना, उत्साह और सहभागिता को बढ़ावा देना है। मेले में समाज की अग्रणी, सम्माननीय माताओं और बहनों के लिए अनेक प्रकार की रोचक और पारंपरिक प्रतियोगिताएं रखी गई हैं, जिनमें भाग लेकर वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगी। कार्यक्रम के तहत कुर्सी दौड़, मटकी फोड़, थाली सजाओ, घोड़ा दौड़, मेहंदी रचाओ, खो-खो, रस्सी खींच जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इन गतिविधियों के माध्यम से न केवल मनोरंजन होगा, बल्कि आपसी सौहार्द और पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने का भी प्रयास किया जाएगा।

### पारंपरिक व्यंजनों के लगेंगे स्टाल सावन का झूला रहेगा आकर्षण

नगर निगम ने नागरिकों विशेषकर महिलाओं के लिए यह आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए निगम प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। महिलाओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। सावन के झूले, सजावट, लोकगीत और पारंपरिक खुशबू से सजा यह मेला निश्चित रूप से सभी प्रतिभागियों और दर्शकों के लिए यादगार अनुभव साबित होगा।

### प्रतियोगिताओं के लिए पंजीयन प्रक्रिया शुरू, निगम से लें जानकारी

सावन मेला में आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं के लिए पंजीयन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस बारे में अधिक जानकारी वार्डों के पार्षद और निगम कार्यालय से ली जा सकती है। पंजीयन के आधार पर ही महिलाओं के खेलों में भाग लेने का मौका मिलेगा। इसके अलावा सावन क्वींन का खिताब तय होगा। बहरहाल आयोजन को लेकर रूपरेखा तैयार की जा रही है। आयोजन में शहर के सभी प्रतिष्ठितजनों को भी आमंत्रित किया जाना है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### अंडर-19 क्रिकेट में सलोनी और युवराज की शानदार पारी





**रायपुर।** क्रिकेट एसोसिएशन पुडुच्चेरी द्वारा अंडर-19 इंटर स्टेट वन डे अभ्यास मैच जारी है। जिसमें दोनों वर्ग में छत्तीसगढ़ की टीम बेहतर प्रदर्शन कर रही है। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ सहित बंगाल, केरला, पुडुच्चेरी और हिमाचल प्रदेश की टीम हिस्सा ले रहीं है।

शनिवार को पुरुष वर्ग में छत्तीसगढ़ का तीसरा मैच हिमाचल प्रदेश के विरुद्ध पुडुच्चेरी में खेला गया। हिमाचल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। हिमाचल अंडर 19 ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 50 ओवरों में 6 विकेट खोकर 275 रन बनाये। हिमाचल की ओर से अक्षय वशिष्ठ ने 59 रन तथा जयदित्य डोगरा ने 55 रनों का योगदान दिया और अपनी टीम को एक सम्मानजनक स्कोर तक ले गये। उनके अतिरिक्त अग्रिम ने 49 रनों की उपयोगी पारी खेली। छत्तीसगढ़ की ओर से ओम कोशले ने 3 विकेट तथा शिवम यादव ने 2 विकेट लिए। 276 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ अंडर-19 टीम 48.2 ओवरों में 227 रन बनाकर ऑल आउट हो गयी। छत्तीसगढ़ अंडर-19 की ओर से युवराज विश्वकर्मा ने 71 रन तथा तेजस मोरे ने 58 रनों का योगदान दिया। वहीं हिमाचल की ओर से सुजल ने 3 विकेट, लक्ष्य ठाकुर तथा जयदिप्य डोगरा ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। हिमाचल प्रदेष ने मैच 48 रनों से जीत लिया। महिला वर्ग में छत्तीसगढ़ का दूसरा मैच हिमाचल प्रदेश के विरुद्ध पुडुच्चेरी में खेला गया। छत्तीसगढ़ ने बल्लेबाजी करते हुये 20 ओवरों में 5 विकेट खोकर 190 रन बनाये। हिमाचल की ओर से प्रारंभिक जोडी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुये टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई, निकिता चैहान ने 87 रन तथा देवांशी वर्मा ने 38 रनों का योगदान दिया। उनके अतिरिक्त सुषमा वर्मा ने भी 28 रनों की उपयोगी पारी खेली। छत्तीसगढ़ की ओर से सलोनी डंगोरे ने 3 विकेट लिए। 191 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ 20 ओवरों में 6 विकेट खोकर 155 रन ही बना सकी। छत्तीसगढ़ की ओर से कुति गुप्ता ने 56 रन तथा प्रीति यादव ने नाबाद 36 रनों का योगदान दिया। हिमाचल की ओर नीना चौधरी ने 2 विकेट लिए। हिमाचल प्रदेश ने मैच 35 रनों से जीत लिया।

### अखिल भारतीय विद्युत ब्रिज में छत्तीसगढ़ को तीन पदक




**रायपुर।** 47वीं अखिल भारतीय विद्युत ब्रिज प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनी की टीम ने 3 पदक हासिल किये। विद्युत कर्मियों ने आंध्र प्रदेश के नेल्लोर में 22 और 23 जुलाई को आयोजित दो दिवसीय ब्रिज प्रतियोगिता मे मास्टर्स प्लेयर (पेयर) श्रेणी मे रजत पदक,टीम इवेंट श्रेणी में कांस्य एवं प्रोग्रेसिव श्रेणी में भी कांस्य पदक हासिल किया। इस तरह तीनों श्रेणियों मे राष्ट्रीय स्तर पर स्थान प्राप्त करने पर पावर कंपनी अध्यक्ष (डिस्ट्रीब्यूशन एवं जनरेशन) डॉ. रोहित यादव ने खिलाड़ियों को बधाई दी। इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनी के केंद्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के पदाधिकारीगण अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (जनरेशन) एस के कटियार, एवं महासचिव एम एस चैहान ने टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस स्पर्धा में देवलाल साहू, पंकज चौधरी, अमित देवांगन, शिवेश मिश्रा, दिनेश कुमार देवांगन, हरीश कुमार चौहान ने भाग लिया। कप्तान एवं कोच पंकज चौधरी ने इस सफलता का श्रेय कंपनी प्रबंधन एवं केंद्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद को दिया। टीम के मैनेजर प्रशांत कुमार उरांव थे।

### तीरंदाजी एसोसिएशन की ओर से कोचिंग सेमिनार आज




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश आर्चरी एसोसिएशन द्वारा एक दिवसीय कोचिंग सेमिनार का आयोजन 27 जुलाई रविवार को अलोहा सिटी स्टे होटल, राठौर चौक के पास, रामसागर पारा, रायपुर में किया जा रहा है। इस सेमिनार का उद्घाटन सुबह 10 बजे, अरविंद कुजूर डीआईजी स्पोर्ट प्रभारी, अमर जीत छाबड़ा अध्यक्ष अल्प संख्यक आयोग की उपस्थिति में होगा। वहीं समापन शाम 5 बजे ओलंपिक संघ कार्यालय में होगा। जिसमें मुख्यमंत्री एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश आर्चरी एसोसिएशन के अध्यक्ष विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि होंगे। साथ में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, एनटीपीसी से मोहंती और विक्रम सिसोदिया विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे आयोजन में राज्यभर के आर्चरी प्रशिक्षकों, खिलाड़ियों, खेल विशेषज्ञों एवं अधिकारियों की भागीदारी रहेगी आयोजन में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैलाश मुरारका एवं महासचिव आयुष मुरारका की प्रमुख भूमिका है, जिनके मार्गदर्शन में यह सेमिनार आयोजित किया जा रहा है।

## शरीर में कोलेस्ट्रॉल का स्तर संतुलित रखना बेहद जरूरी

# कोलेस्ट्रॉल बढ़ने का संकेत सिर्फ सीने में दर्द ही नहीं दिखते हैं और भी लक्षण, आपको जानना जरूरी

हाई कोलेस्ट्रॉल एक गंभीर समस्या है, जो अक्सर बिना किसी बड़े लक्षणों के बढ़ती है और हृदय रोग का खतरा बढ़ाती है। लेकिन फिर भी जब कोलेस्ट्रॉल लेवल शरीर में बढ़ता है तो कुछ लक्षण दिखते हैं, आइए जानते हैं। हाई कोलेस्ट्रॉल एक ऐसी खामोश स्वास्थ्य समस्या है जो अक्सर बिना किसी बड़े लक्षण के बढ़ती रहती है। इसे 'साइलेंट किलर' के नाम से भी जाना जाता है क्योंकि इसके शुरुआती चरणों में कोई स्पष्ट संकेत नहीं दिखते। हालांकि जब शरीर में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बहुत ज्यादा बढ़ जाती है और यह धमनियों में प्लाक के रूप में जमा होने लगता है, तो यह धमनियों को संकरा कर देता है, जिससे रक्त प्रवाह बाधित होता है।



ऐसे में, हृदय रोग, हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी गंभीर समस्याओं का जोखिम कई गुना बढ़ जाता है। जब लक्षण दिखने शुरू होते हैं, तो वे अक्सर इस बात का संकेत होते हैं कि समस्या गंभीर हो चुकी है और तुरंत चिकित्सा सहायता की आवश्यकता है। इसके आम लक्षणों की बात की जाए तो सीने में दर्द और सांस लेने में तकलीफ होने के बारे में ज्यादातर लोगों को मालूम है। आइए इस लेख में इन लक्षणों के चार ऐसे प्रमुख लक्षणों के बारे में जानते हैं, जो शरीर में कोलेस्ट्रॉल बढ़ने के प्रमुख लक्षण हैं।



### सीने में दर्द और सांस लेने में तकलीफ

रक्त वाहिकाओं में कोलेस्ट्रॉल के जमाव से धमनियां कठोर और संकरी हो जाती हैं, जिससे हृदय तक पर्याप्त ऑक्सीजन-युक्त रक्त नहीं पहुंच पाता। इस स्थिति को एथेरोस्क्लेरोसिस कहते हैं। जब यह धमनियां संकरी होती हैं, तो व्यक्ति को गतिविधि या तनाव के दौरान सीने में दर्द का अनुभव हो सकता है। यह दर्द अक्सर भारीपन, दबाव या जकड़न के रूप में महसूस होता है। रक्त प्रवाह में कमी के कारण शरीर को पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिल पाती, जिससे सांस लेने में तकलीफ भी महसूस हो सकती है।

### पैरों में दर्द या सुन्नपन

जब शरीर में कोलेस्ट्रॉल बढ़ जाता है तो सिर्फ हृदय की धमनियों को ही नहीं, बल्कि पैरों और अन्य अंगों की धमनियों को भी प्रभावित करता है, तो इसे पेरिफेरल आर्टरी डिजीज कहते हैं। इसके कारण पैरों में, खासकर चलने या व्यायाम करते समय, दर्द, ऐंठन, भारीपन या सुन्नपन महसूस हो सकता है। आराम करने पर यह दर्द अक्सर कम हो जाता है। यह इस बात का स्पष्ट संकेत है कि आपके शरीर में रक्त प्रवाह बाधित हो रहा है।

### थकान या कमजोरी

शरीर में कोलेस्ट्रॉल बढ़ने के कारण धमनियों में रुकावट आने से कोशिकाओं और मांसपेशियों तक पर्याप्त ऑक्सीजन और पोषक तत्व नहीं पहुंच पाते हैं। इस कारण बिना किसी स्पष्ट वजह के लगातार थकान या सामान्य कमजोरी महसूस हो सकती है। यह शरीर की ऊर्जा को प्रभावित करता है और दैनिक गतिविधियों को भी मुश्किल बनासकता है।

### आंखों के पास या पलकों पर पीले धब्बे

उच्च कोलेस्ट्रॉल का एक और दृश्यमान संकेत आंखों के पास या पलकों पर दिखाई देने वाले पीले या नारंगी रंग के धब्बे होते हैं। ये वास्तव में फैट के जमाव होते हैं, जो सीधे तौर पर शरीर में उच्च कोलेस्ट्रॉल के स्तर का संकेत देते हैं। ये धब्बे आमतौर पर दर्द रहित होते हैं, लेकिन ये एक महत्वपूर्ण चेतावनी हो सकते हैं।





## सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकते हैं बाजार में बिकने वाले ये 'हेल्दी फूड्स'

बाजार में ऐसी कई चीजें मिलती हैं, जिसे हेल्दी बताकर बेचा जाता है। अक्सर ये पैकेट में बिकने वाले खाद्य पदार्थ जिनके लेबल पर हेल्दी होने का दावा किया जाता है, वो अनहेल्दी होते हैं। आइए इस लेख में ऐसी ही कुछ चीजों के बारे में जानते हैं।

आजकल हर कोई स्वस्थ रहना चाहता है, और इसके लिए हम अक्सर बाजार में मिलने वाले उन खाद्य पदार्थों की ओर आकर्षित होते हैं जिन पर 'हेल्दी', 'नैचुरल' या 'ऑर्गेनिक' का लेबल लगा होता है। मार्केटिंग कंपनियां हमें विश्वास दिलाती हैं कि ये उत्पाद हमारी सेहत के लिए वरदान हैं। लेकिन, सच्चाई अक्सर इस दावे से कोसों दूर होती है। कई बार, ये तथाकथित 'हेल्दी फूड्स' वास्तव में छिपी हुई चीनी, कृत्रिम सामग्री, अनहेल्दी फैट और अत्यधिक प्रोसेसिंग के कारण हमारी सेहत को फायदे से ज्यादा नुकसान पहुंचा सकते हैं। ऐसे में, यह समझना बेहद जरूरी है कि कौन से खाद्य पदार्थ 'स्वस्थ' होने का दिखावा करते हैं, लेकिन वास्तव में हमारी सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकते हैं। आइए जानते हैं ऐसे कुछ आम 'हेल्दी फूड्स' के बारे में जिन पर आपको सावधानी बरतनी चाहिए।



### डाइट सोडा

डाइट सोडा को अक्सर चीनी-मुक्त और शून्य-कैलोरी पेय के रूप में प्रचारित किया जाता है, जिससे यह वजन घटाने वालों के लिए एक स्वस्थ विकल्प लगता है। हालांकि इसमें कैलोरी नहीं होती, लेकिन इसमें कृत्रिम मिठास का उपयोग होता है। शोध बताते हैं कि ये कृत्रिम मिठास आंत के माइक्रोबायोम (पेट के अच्छे बैक्टीरिया) के संतुलन को भी बिगाड़ सकती हैं। कुछ अध्ययनों ने इन्हें वजन बढ़ने, टाइप 2 डायबिटीज और मेटाबॉलिक सिंड्रोम के बढ़ते जोखिम से भी जोड़ा है। इसके अलावा इसकी हाई एसिडिक नेचर दांतों के इनेमल को भी नुकसान पहुंचा सकती है।

### बोतल बंद जूस

बोतल बंद जूस को अक्सर फलों से मिलने वाले विटामिन का एक आसान तरीका माना जाता है। हालांकि इनमें कुछ विटामिन हो सकते हैं, लेकिन प्रोसेसिंग के दौरान इनमें से फाइबर पूरी तरह से निकल जाता है। फाइबर के बिना फलों में मौजूद प्राकृतिक चीनी (फ्रुक्टोज) बहुत तेजी से ब्लड शुगर लेवल को बढ़ाती है, जो कि पूरे फल खाने पर नहीं होता। कुछ ब्रांडों में तो अतिरिक्त चीनी भी मिलाई जाती है। जूस पीने से पेट भी उतनी देर भरा हुआ महसूस नहीं होता जितना पूरा फल खाने से होता है, जिससे आप ज्यादा कैलोरी का सेवन कर सकते हैं। ताजे, साबुत फल खाना हमेशा बोतल बंद जूस से बेहतर विकल्प है।

### एनर्जी बार्स

एनर्जी बार्स को अक्सर एक स्वस्थ स्नैक्स विकल्प के रूप में देखा जाता है, खासकर व्यस्त लोगों या कसरत के बाद के लिए। लेकिन, अगर आप इनके पोषण लेबल को ध्यान से पढ़ें, तो पाएंगे कि इनमें से कई एनर्जी बार में अत्यधिक मात्रा में चीनी (कॉर्न सिरप, ग्लूकोज सिरप, या यहां तक कि शहद भी बड़ी मात्रा में) और हेल्दी फैट छिपी होती है। इसलिए इसे खाने से परहेज करना चाहिए, और अगर खाते हैं तो इसके पैकेट पर लिखी जानकारी को अच्छे से जांच लें।



## वास्तु के प्रभावशाली चिन्ह आपके घर में लाते हैं भरपूर सुख-समृद्धि

वास्तु के अनुसार यदि घर में कुछ प्रभावशाली चिन्ह को रखा जाए, तो घर में सुख-समृद्धि वास करती हैं। साथ ही बरकत और खुशहाली पर इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

### ओमः

ॐ अनहद नाद का प्रतीक है। ब्रह्मांड में इसी तरह का नाद लगातार गूंज रहा है। ॐ शब्द तीन ध्वनियों से बना हुआ है- अ, उ, म इन तीनों ध्वनियों का अर्थ उपनिषद में भी आता है। भूः लोक, भुवः लोक और स्वर्ग लोक का प्रतीक है। यह धर्म में हमारी आस्था को बढ़ाता है।

### पंचसूलक

हल्दी के हाथ की छाप को पंचसूलक कहते हैं। वास्तु शास्त्र के अनुसार यह नकारात्मक शक्तियों को बाहर ही रोक देता है। मुख्य प्रवेश द्वार पर लगी पंचसूलक की छाप सुख, शांति, समृद्धि और शुभता लाती है। स्वस्तिक शब्द को 'सु' और 'अस्ति' दोनों से मिलकर बना है। 'सु' का अर्थ है शुभ और 'आस्तिक' का अर्थ है होना यानी जिससे 'शुभ हो', 'कल्याण हो' वही स्वस्तिक है।

### स्वास्तिक

स्वस्तिक शब्द को 'सु' और 'अस्ति' दोनों से मिलकर बना है। 'सु' का अर्थ है शुभ और 'आस्तिक' का अर्थ है होना यानी जिससे 'शुभ हो', 'कल्याण हो' वही स्वस्तिक है। द्वार पर और उसके बाहर आसपास की दोनों दीवारों पर स्वास्तिक का चिन्ह लगाने से वास्तुदोष दूर होता



है और शुभ मंगल होता है। इससे दरिद्रता का नाश होता है।

### कमल

हिन्दू पुराणों के अनुसार कमल के फूल की उत्पत्ति भगवान विष्णु जी की नाभि से हुई है और कमल के फूल से ब्रह्माजी की उत्पत्ति मानी जाती है। कमल के पुष्प को ब्रह्मा, लक्ष्मी तथा सरस्वती जी ने अपना आसन बनाया है। कमल का फूल जल से उत्पन्न होकर कीचड़ में खिलता है परंतु वह दोनों से निर्लिप्त रहकर पवित्र जीवन जीने की प्रेरणा देता है। कहते हैं कि कमल के फूल की ही तरह सृष्टि और इस ब्रह्मांड की रचना हुई है और यह ब्रह्मांड इसी फूल की तरह है। मंदिरों के गुंबद और स्तंभों पर कमल की आकृति बनाई जाती है। यह शुभता और समृद्धि का प्रतीक है।

### त्रिशूल

त्रिशूल 3 प्रकार के कष्टों दैनिक, दैविक, भौतिक के विनाश का सूचक भी है। यह महाकालेश्वर के 3 कालों (वर्तमान, भूत, भविष्य) का प्रतीक भी है।

## फेंगशुई अनुसार ऑफिस में इन्हें जरूर रखें



वास्तुशास्त्र और फेंगशुई दोनों में कार्यस्थल पर सकारात्मक ऊर्जा बनाए रखने के लिए कुछ विशिष्ट वस्तुओं को रखने की सलाह दी गई है। ये न केवल मानसिक ऊर्जा को बढ़ाती हैं, बल्कि तरक्की के द्वार भी खोलती हैं।

व्यवसाय में सफलता और आर्थिक उन्नति केवल मेहनत और रणनीति से ही नहीं, बल्कि कार्यस्थल की ऊर्जा से भी प्रभावित होती है। वास्तुशास्त्र और फेंगशुई दोनों में कार्यस्थल पर सकारात्मक ऊर्जा बनाए रखने के लिए कुछ विशिष्ट वस्तुओं को रखने की सलाह दी गई है। ये न केवल मानसिक ऊर्जा को बढ़ाती हैं, बल्कि तरक्की के द्वार भी खोलती हैं। आइए जानें ऐसी पांच वस्तुओं के बारे में जो ऑफिस में आकर्षक तरीके से सजाकर रखने से आकर्षण भी बढ़ेगा और सफलता भी।

### क्रिस्टल ग्लोब

एक सुंदर आकर्षक क्रिस्टल ग्लोब को ऑफिस की उत्तर-पूर्व दिशा में रखें। यह व्यापारिक सोच को वैश्विक दृष्टिकोण देता है और नए अवसरों की ओर संकेत करता है। यह निर्णय क्षमता को मजबूत करता है और विदेश से जुड़े व्यवसाय में विशेष लाभ प्रदान करता है।

### गोल्डन मनी ट्री

गोल्डन रंग का मनी ट्री आजकल बहुत सजावटी रूप में उपलब्ध है। इसे ऑफिस की दक्षिण-पूर्व दिशा में रखें। यह वृक्ष धनागमन की प्रतीकात्मक ऊर्जा को सक्रिय करता है। फेंगशुई के अनुसार यह आय के स्रोत बढ़ाता है और खर्चों पर नियंत्रण लाता है।

### कामधेनु गाय की प्रतिमा

कामधेनु गाय समस्त इच्छाओं को पूर्ण करने वाली मानी जाती है। इसे ऑफिस के वर्क टेबल या प्रवेश द्वार के पास रखने से व्यापार में शांति, स्थिरता और निरंतर उन्नति आती है।

**कार्नर न्यूज**

## आज पैरेंट्स डे, सम्मान दीजिए अपने पालकों को

# मां-बाप के लिए बना दें पेरेंट्स डे को यादगार इन इमोशनल और असरदार तरीकों से, मिल जाएगी घरभर को खुशियां

मां-बाप से बड़ा कोई रिश्ता नहीं होता है। हर इंसान की जिंदगी में माता-पिता सबसे पहला और सबसे मजबूत सहारा होते हैं। वो चुपचाप आपके लिए सब कुछ करते हैं, बिना कुछ मांगे, बिना थके। ऐसे में एक दिन अगर सिर्फ उनके नाम हो, तो क्या आप नहीं चाहेंगे कि वो दिन उनके लिए कुछ खास हो? हर साल जुलाई के चौथे रविवार को अमेरिका समेत दुनिया के कई देशों में नेशनल पेरेंट्स डे मनाया जाता है। भारत में भी इस दिन को माता-पिता के प्रति आभार जताने और उनके बलिदानों को याद करने के लिए सेलिब्रेट किया जाता है। इस साल 27 जुलाई को पेरेंट्स डे मनाया जा रहा है। अगर आप इस बार पेरेंट्स डे को खास बनाना चाहते हैं, तो यहां कुछ आसान और दिल से जुड़े तरीके बताए जा रहे हैं।



### भावना से जुड़ा खास तोहफा

कभी-कभी सबसे खूबसूरत गिफ्ट वह होता है जो खुद से बनाया गया हो। तोहफे से ज्यादा भावना मायने रखती है। इसलिए गिफ्ट ऐसा हो जो आपकी भावनाओं की अभिव्यक्ति करें। फिर चाहे वो एक छोटा सा कार्ड हो, उनके लिए तैयार किया गया मनपसंद खाना हो या बचपन की कोई पुरानी फोटो को फ्रेम कर देना हो। इससे उन्हें महसूस होगा कि आप सच में उन्हें याद करते हैं।

### उनकी पसंद को समझें

माता-पिता ये भलीभाति जानते हैं कि उनके बच्चे को क्या पसंद है और क्या नहीं। अभिभावक अपने बच्चों की पसंद को ही अपना बना लेते हैं और खुद की पसंद-नापसंद को नजरअंदाज करते हैं। बच्चों को ये जानना चाहिए कि उनके अभिभावक को क्या पसंद है। अपने हाथों से उनका मनपसंद खाना बनाकर उन्हें सरप्राइज कर सकते हैं। अगर वह किसी जगह को घूमने की ख्वाहिश रखते हैं तो इस दिन उन्हें यहां ले जाएं ताकि उनकी इच्छा पूरी हो सके।

### संघर्ष और बलिदानों को स्वीकारें

माता-पिता बच्चे को एक अच्छी जीवन और भविष्य देने के लिए कई त्याग करते हैं। अपनी पसंद, शौक और सपनों को छोड़ देते हैं। बच्चों द्वारा उनके संघर्ष और बलिदान को याद करना और स्वीकार करना माता-पिता के लिए किसी सम्मान से कम नहीं होता। इस दिन के लिए एक छोटा सा वीडियो बनाएं जिसमें उनके जीवन के संघर्ष, परवरिश और उनके प्यार के लिए शुक्रिया अदा किया जाए। या फिर एक इमोशनल लेटर लिखें, जो उन्हें आपकी भावनाओं से जोड़ दे।



### सेहत का रखें ख्याल


माता-पिता अपने बच्चों की स्वास्थ्य की फिक्र तब से करने लगते हैं जब वह भ्रूण में होते हैं। बड़े होते बच्चों की सेहत का ध्यान रखते-रखते माता-पिता खुद के स्वास्थ्य की परवाह करना ही भूल जाते हैं। बच्चों का फर्ज है कि वह भी अपने माता-पिता की सेहत का ख्याल रखें। पेरेंट्स डे पर आप उनके लिए एक हेल्थ चेकअप पैकेज बुक कर सकते हैं या उन्हें योग क्लास या वॉक पर जाने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं। आप उनके साथ हेल्दी खाना खाएं और उन्हें मोटिवेट करें।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'हैरी पॉटर' बनने से मां-बाप को था ऐतराज, लेकिन डेनियल हुए कास्ट और रचा इतिहास

हैरी पॉटर के नाम से घर-घर में पहचाने जाने वाले अभिनेता डेनियल रेडक्लिफ मध्यमवर्गीय परिवार में जन्में और आज दुनियाभर में करोड़ों लोगों के दिलों पर राज करते है। उनकी मां मार्सिया ग्रेशम पेशे से एक कास्टिंग एजेंट थीं और पिता एलन जॉर्ज रैडक्लिफ लिटरेचर की दुनिया में एक्टिव थे।




डेनियल रेडक्लिफ ने बचपन से ही एक्टिंग का सपना देखा था। लेकिन जब 'हैरी पॉटर' बनकर उन्हें पॉपुलेरिटी मिली तो उन्हें स्कूल में काफी हेट कमेंट्स का सामना करना पड़ता था। उनके स्कूल के बच्चे उन्हें काफी तंग किया करते थे। इस बात का खुलासा खुद डेनियल ने किया था। डेनियल पिछले कई वर्षों से अमेरिकी अभिनेत्री एरिन डार्क के साथ रिश्ते में हैं और 2023 में वो एक बेटे के पिता बने हैं। एक इंटरव्यू में डैड बनने के अनुभव को उन्होंने अब तक की सबसे खूबसूरत चीज बताया था। अपनी निजी जिंदगी में उन्होंने शराब की लत से भी लड़ाई लड़ी और 2010 में खुद को सुधारने का फैसला लिया। डैनियल ने एक्टिंग करियर की शुरुआत सिर्फ 10 साल की उम्र में बीबीसी की टीवी सीरीज 'डेविड कॉपरफील्ड' से की थी। 2000 में निर्माता डेविड हेमैन ने उन्हें 'हैरी पॉटर एंड द फिलॉसफर'स स्टोन' के लिए चुना। जे।के। रोलिंग और निर्देशक क्रिस कोलंबस को भी डेनियल काफी पंसद आए थे। निर्माता डेविड हेमैन की रेडक्लिफ से पहली मुलाकात तब हुई जब वो अपने पिता के साथ एक थिएटर में थे। हेमैन रेडक्लिफ के पिता के ही दोस्त थे।

बस इसी मुलाकात के दौरान उन्होंने रेडक्लिफ को हैरी पॉटर की भूमिका के लिए ऑडिशन देने के लिए कहा। आठ फिल्मों की हैरी पॉटर सीरीज ने उन्हें वर्ल्ड फेमस बना दिया। आलोचकों और दर्शकों दोनों ने उनके अभिनय को खूब सराहा। एक समय था जब रेडक्लिफ को लगा कि लोग उन्हें इस किरदार से अलग नहीं देख पाएंगे, लेकिन उन्होंने यह चुनौती भी स्वीकार की। बहुत कम लोग जानते हैं कि शुरुआत में उनके माता-पिता नहीं चाहते थे कि वो 'हैरी पॉटर' में कास्ट हों। इसके पीछे का कारण था फिल्म की शूटिंग की लोकेशन। शुरुआत में हैरी पॉटर के लॉस एंजेलिस में शूटिंग के चलते उनके माता-पिता झिझक रहे थे, लेकिन बाद में जब शूटिंग यूके में तय हुई, तब डेनियल को फिल्म में साइन किया गया।

### टॉलीवुड

## किंगडम ट्रेलर इवेंट छा गया दर्शकों के दिलों पर विजय देवरकोंडा का 40 फीट का कटआउट

विजय देवरकोंडा की बहुप्रतीक्षित फिल्म किंगडम को लेकर फैंस के बीच काफी उत्साह है। फिल्म की रिलीज से पहले इसके ट्रेलर के भव्य लॉन्च की तैयारी खूब की गई। जिसमें विजय का 40 फीट का ऊंचा कटआउट लगाया गया।



शनिवार की शाम तिरुपति के नेहरू म्युनिसिपल ग्राउंड में ट्रेलर लॉन्च कार्यक्रम हुआ। इस इवेंट में प्रशंसकों के लिए खास माहौल रहा क्योंकि कार्यक्रम स्थल पर विजय देवरकोंडा का 40 फीट ऊंचा कटआउट लगाया गया, जो सभी का ध्यान खींच रहा है। गौतम तिन्ननुरी के निर्देशन में बनी फिल्म किंगडम में विजय देवरकोंडा के साथ भाग्यश्री बोरसे मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। तेलुगु भाषा में विजय की यह फिल्म 'किंगडम' के नाम से रिलीज की जाएगी, जबकि हिंदी भाषा में इस फिल्म को 'साम्राज्य' के नाम से रिलीज किया जाएगा। किंगडम कई भाषाओं में रिलीज होगी। इसे नागा वामसी और साई सौजन्या ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म का संगीत अनिरुद्ध रविचंदर ने दिया है। यह फिल्म 31 जुलाई, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### भोजपुरी

## पार्टी मूड में दिखीं मोनालिसा, ब्लैक शिमरी ड्रेस में दिए शानदार पोज

एक्ट्रेस मोनालिसा ने सोशल मीडिया पर अपनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं। जो अपलोड होते ही वायरल होनी लगी हैं। एक्ट्रेस मोनालिसा ने भोजपुरी सिनेमा से टीवी में एंट्री ली और अपनी एक्टिंग से लाखों लोगों का दिल जीता। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर भी खासी एक्टिव रहती हैं। जहां हर दिन उनकी ग्लैमरस तस्वीरें सामने आती रहती हैं। हाल ही में वो ब्लैक ड्रेस में इतराती हुई नजर आई। मोनालिसा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लेटेस्ट फोटोशूट से कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। जिसमें वो वेस्टर्न लुक में नजर आई।इन तस्वीरों में एक्ट्रेस ब्लैक कलर की शिमरी ड्रेस पहनकर कैमरा के लिए अलग-अलग पोज दे रही हैं। मोनालिसा ने अपना लुक बेहद लाइट मेकअप को खुले स्ट्रेट बालों से पूरा किया है।



उनकी कातिल अदाओं ने सोशल मीडिया का पारा बढ़ा दिया है।मोनालिसा ने इस लुक में कई सारी तस्वीरें शेयर की हैं। हर एक में उनका अलग अंदाज देखने को मिल रहा है। बता दें कि मोनालिसा को इंस्टाग्राम पर 5 मिलियन से ज्यादा लोग फॉलो करते हैं। यही वजह है कि उनकी हर तस्वीर अपलोड होने के साथ ही वायरल होने लगती है। वर्कफ्रंट की बात करें तो मोनालिसा इन दिनों टीवी शो 'जादू तेरी नजर' में दिखाई दे रही हैं। इसमें एक्ट्रेस चुड़ैल का रोल निभा रही हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो मोनालिसा इन दिनों टीवी शो 'जादू तेरी नजर' में दिखाई दे रही हैं। इसमें एक्ट्रेस चुड़ैल का रोल निभा रही हैं।

### लाइफ स्टाइल

## विनाइल कोट की चमक



"न्यूयार्क फैशन वीक में चमकदार विनाइल कोट इन दिनों ट्रेंड में है। भले ही यह बारिश के दिनों के लिए एकदम सही हो लेकिन मॉडल इसे फैशन के तौर पर भी खूब पहन रही हैं। चमकदार विनाइल कोट बेहद स्टाइलिश और वाटरप्रूफ होते हैं। मॉडल अगर चमकदार और रंगीन दोनों तरह के कोट पहनने में सहज नहीं हैं, तो डिजाइनर उनके लिए खास तौर पर काले रंग का कोट भी चुन रहे हैं।

## चाहती हैं नेचुरल ग्लो तो घर पर बनाएं जादुई फेस पैक

हरियाली तीज उत्तर भारतीय महिलाओं के लिए एक बेहद खास त्योहार होता है, जब महिलाएं पारंपरिक परिधानों में खूब सजती और संवरती हैं। इस साल ये त्योहार 27 जुलाई को मनाया जा रहा है, ऐसे में महिलाओं ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। वैसे तो किसी भी त्योहार से पहले महिलाएं पार्लर जाकर स्किन केयर कराती हैं, लेकिन कई बार ऐसा कराना संभव नहीं हो पाता, इसलिए अगर आप भी घर पर ही खूबसूरत और दमकती त्वचा चाहती हैं, तो इन 3 घरेलू फेस पैक्स को जरूर आजमाएं। ये फेस पैक न सिर्फ आपकी त्वचा को चमकदार बनाएंगे, बल्कि उसे प्राकृतिक रूप से पोषण भी देंगे।



### बेसन और हल्दी फेस पैक

इस फेस पैक को बनाने के लिए आपको 2 चम्मच बेसन, 1 चुटकी हल्दी और 1 चम्मच दही या गुलाब जल की जरूरत पड़ेगी। इसे तैयार करने के लिए सबसे पहले तो सभी चीजों को एक कटोरी में मिला लें। अब इसे ब्रश की मदद से चेहरे और गर्दन पर अप्लाई करें। अब इसे ऐसे ही कुछ देर तक लगा रहने दें, ताकि इसका असर आपके चेहरे पर अच्छी तरह से हो जाए। 20 मिनट के बाद अपने चेहरे को गुनगुने पानी से धो लें। ये पैक टैनिंग हटाता है और त्वचा को नैचुरल ग्लो देता है।

### चंदन और गुलाब जल फेस पैक

इस पैक को तैयार करने के लिए आपको सिर्फ 1 चम्मच चंदन पाउडर और 1-2 चम्मच गुलाब जल की जरूरत पड़ेगी। अब इस पैक को तैयार करने के लिए आपको सबसे पहले चंदन पाउडर में गुलाब जल मिक्स करना है। अब इस पेस्ट को अपने साफ चेहरे पर ब्रश की मदद से अप्लाई करें। पेस्ट को चेहरे पर लगाकर 15 मिनट रखें, फिर ठंडे पानी से धो लें। ये फेस पैक त्वचा को ठंडक देता है और रंगत को निखारता है।

### एलोवेरा और शहद फेस पैक

इस पैक को बनाने के लिए सबसे पहले तो 1 चम्मच एलोवेरा जेल और 1 चम्मच शहद की जरूरत पड़ेगी। इस पैक को बनाने के लिए दोनों को अच्छे से मिलाकर चेहरे पर लगाएं। 20 मिनट बाद हल्के गुनगुने पानी से धो लें। ये फेस पैक त्वचा को हाइड्रेट करता है और उसे मुलायम बनाता है। इसलिए आप हफ्ते में कम से कम तीन बार इस पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं।

## किटी पार्टी में स्टाइल करें इंडो-वेस्टर्न साड़ियां, दिखेगा बस आपका जलवा



अगर आप भी इस बार किटी पार्टी में कुछ स्टाइलिश इंडियन लुक क्रिएट करने का सोच रही हैं, तो इंडो-वेस्टर्न साड़ियों से इंस्पिरेशन ले सकती हैं। किसी भी पार्टी में अपने लुक को यूनिक लुक देना हर महिला को पसंद होता है, लेकिन आखिर क्या पहना जाए इस बात को लेकर हमेशा कंफ्यूजन बनी रहती है। कुछ लोगों को लगता है कि वेस्टर्न ड्रेसेस में ही लुक स्टाइलिश नजर आता है, परंतु ऐसा सोचना एकदम गलत है। आप इंडियन लुक में भी मॉडर्न दिख सकती हैं। अगर आप भी किटी पार्टीज में जाती रहती हैं, तो फिर आपको अपने लुक के साथ हर बार कुछ नया एक्सपेरीमेंट करना पड़ता होगा। तब जाकर लुक सबसे हटके नजर आता होगा। ऐसे में यदि आप बहुत जल्द किसी किटी पार्टी का हिस्सा होने जा रही हैं, तो इस बार डिफरेंट स्टाइल वाली इन इंडो-वेस्टर्न साड़ी लुक्स को ट्राई कर सकती हैं। यकीनन इन साड़ियों को पहनने के बाद आपका लुक सबसे क्लासी दिखेगा।



### साटन कैप स्टाइल इंडो-वेस्टर्न साड़ी

यदि आप किटी पार्टी में अपने ग्लैमरस लुक को फ्लॉन्ट करना चाहती हैं, तो उसके लिए यह साटन साड़ी बेस्ट रहेगी। इस इंडो-वेस्टर्न साड़ी की आपको प्लेट्स बनाने की जरुरत नहीं पड़ेगी। वहीं साड़ी के संग कैप स्टाइल बेहद स्मार्ट लुक दे रहा है। इस साड़ी के संग अप पर्ल ज्वेलरी, ग्लॉसी मेकअप और फंकी बन बनाएं।

### स्टाइलिश पल्लू इंडो-वेस्टर्न साड़ी

किटी पार्टी में सिर्फ आपका ही लुक नजर आए तो उसके लिए आप अपने वार्डरोब में ऐसी स्टाइलिश पल्लू वाली प्लेन इंडो-वेस्टर्न साड़ी को शामिल करना नहीं भूलिएगा। यह साड़ी कैरी करने के बाद काफी मॉडर्न लुक देती है। इसके संग वी नेकस्लीवलेसब्लाउज काफी जंच रहा है। साड़ी के पल्लू और ब्लाउज पर लेस लगी हुई है। इस साड़ी के संग सिल्वर ज्वेलरी, न्यूड मेकअप और ओपन स्ट्रेट हेयर स्टाइल आपका लुक कंप्लीट कर देगी।

### धोती स्टाइल इंडो-वेस्टर्न साड़ी

इस तरह की धोती स्टाइल साड़ी भी काफी अट्रैक्टिव लुक देती हैं। इसे भी आप किटी पार्टी में पहनकर जा सकती हैं। इस प्लेन बॉर्डर वाली धोती स्टाइल साड़ी में आपका लुक ग्रेसफुल नजर आएगा।

## आर्टिफिशियल झुमके से नुकसान हो रहा कान का तो अपनाएं घरेलू नुस्खे

किसी भी लुक को खूबसूरत बनाने के लिए उसके साथ ही ज्वेलरी का काफी अहम रोल होता है। इसी के चलते महिलाएं अपने हर आउटफिट के साथ अलग तरह के इयररिंग्स कैरी करती हैं। ये इयररिंग्स देखने में तो अच्छे लगते हैं, पर कई बार इनकी वजह से महिलाओं को काफी दिक्कत होती है। इन दिक्कतों में सबसे अहम परेशानी है कान का पकना, जिस कारण काम के छेद पर घाव बनने लगता है। अगर सही समय पर इसका इलाज न किया जाए तो ये घाव बढ़ता जाता है, जिस कारण परेशानी काफी बढ़ जाती है। यदि आपको भी कान पकने की समस्या तुरंत होती है, तो इस लेख को पढ़ें। यहां हम आपको कुछ ऐसे नुस्खे बताएंगे, जिसको आजमाने के बाद आपके पके हुए कान फटाफट ठीक हो जाएंगे।



### आइस क्यूब का इस्तेमाल करें

कान पकने की समस्या सामने आ रही है तो तत्काल प्रभाव से आइस क्यूब का इस्तेमाल करें। इसके इस्तेमाल के लिए एक साफ कपड़े में बर्फ लपेटकर 5-10 मिनट तक हल्के-हल्के कान पर रखें। इससे सूजन और जलन में तुरंत राहत मिलेगी। कभी भी बर्फ को सीधे घाव पर न लगाएं, इससे आपको ही दिक्कत हो सकती है।

### नारियल का तेल आएगा आपके काम

हर भारतीय घर में नारियल का तेल होता ही है, जिसका इस्तेमाल आप कान पकने पर कर सकते हैं। इसका इस्तेमाल है भी काफी आसान। इसके इस्तेमाल के लिए सबसे पहले एक साफ सूती कपड़े पर थोड़ा सा नारियल तेल लगाएं। अब इसे धीरे-धीरे घाव पर अप्लाई करें। ये एंटीबैक्टीरियल होता है, जिस कारण इसकी वजह से कान पकने का घाव कम हो जाएगा।

## शैंपू के तुरंत बाद बालों में तेल लगाने का असर जानिए यहां

आपने अक्सर बड़े-बुजुर्गों और घर की दादी-नानी को ये कहते सुना होगा कि बाल धोए हैं तो तुरंत ही तेल लगा लो क्योंकि बालों में तेल लगाने से बालों को पोषण मिलता है और इसकी सभी दिक्कतें खत्म होती हैं। लेकिन क्या ये आदत सच में फायदेमंद है? या फिर यह आपकी हेयर हेल्थ को धीरे-धीरे नुकसान पहुंचा रही है? आपको यह जरूर जानना चाहिए कि शैंपू करने के तुरंत बाद बालों में तेल लगाना कितना सही है ? इसके साथ ही आपको बालों में तेल लगाने का सही समय भी जानना चाहिए, ताकि आपके बालों को भी तेल का पूरा लाभ मिले।

### शैंपू के बाद तेल इसलिए लगाते हैं लोग

सबसे पहले ये जान लेते हैं कि आखिर शैंपू करने के तुरंत बाद लोग बालों में तेल लगाना क्यों पसंद करते हैं। दरअसल, बालों को शैंपू से धोने की वजह से इनकी नमी पूरी तरह से खत्म हो जाती है, जिस कारण बाल फ्रिजी दिखने लगते हैं। ऐसे में बालों में नमी बनी रहे, इसकी फ्रिजीनेस कम रहे और बाल सिल्की दिखें, इसके लिए लोग बालों में शैंपू लगाने के बाद तेल का इस्तेमाल करते हैं। इसके साथ-साथ बहुत से लोगों को तो लगता है कि शैंपू करने के तुरंत बाद यदि बालों में तेल लगाया जाए तो इससे बालों को पोषण मिलता है।



### ये तरीका है कितना सही ?

अब जान लेते हैं कि शैंपू करने के बाद बालों में तुरंत तेल लगाना कितना सही है। दरअसल, बालों के विशेषज्ञों की मानें तो शैंपू के तुरंत बाद गीले बालों तेल नहीं लगाना चाहिए। इससे बालों को पोषण मिले य न मिले, इस कारण से आपके बालों को काफी दिक्कतें हो सकती हैं। आइए इन दिक्कतों के बारे में जानते हैं।

### पहली दिक्कत

यदि आप गीले बालों में ही तुरंत तेल लगा लेते हैं तो ये तेल बाहर की धूल, प्रदूषण और गंदगी को तेजी से आकर्षित करता है, जिससे बाल जल्दी गंदे और चिपचिपे हो सकते हैं। ऐसे में जब बाल पूरी तरह से सूख जाए या हो सके तो अगले दिन ही शैंपू का इस्तेमाल करें।

### कार्नर न्यूज

#### ओवर कंडीशनिंग नुकसान पहुंचाता है आपके बालों को

## आपके बालों की सेहत के लिए कंडीशनर लगाना गलत नहीं लेकिन सावधानी जरूरी

अगर आप सोच रहे हैं कि कुछ एक्स्ट्रा हेयर कंडीशनर लगाने से काम चल जाएगा, तो आप गलत हैं। ओवर-कंडीशनिंग आपके बालों पर बैकफायर कर सकती है और आपके बालों को चिपचिपे, कमजोर और बेजान बना सकती है। लेकिन, चिंता न करें! अपने बालों पर लगाए जाने वाले हेयर कंडीशनर की मात्रा को सीमित करना इसका कारगर तरीका हो सकता है। इसके अलावा, हेयर स्टाइलिंग प्रोडक्ट्स के उपयोग को कम करने से भी बालों को ठीक किया जा सकता है।



हेयर कंडीशनर का उपयोग मुख्य रूप से मॉइश्चराइजिंग, स्मूथिंग और बालों को उलझने से बचाने के लिए किया जाता है। यह पोषण प्रदान करता है, घुंघराले पन को कम करता है, और बालों की बनावट में सुधार करने के लिए बाल के रेशे पर कोटिंग कर लेता है।

हेयर कंडीशनर का नियमित उपयोग बालों को मजबूत बनाता है। कंडीशनर की परत से बालों को शाइन और टेक्स्चर दोनों मिलता है। यही दोनों बातें हेल्दी बालों की पहली निशानी भी समझी जाती हैं। इसके अलावा, कंडीशनर आपके बालों को नर्म और मैनेज करने में आसान बनाता है। हेयर कंडीशनर बालों में नमी की मात्रा को बढ़ा सकते हैं। ये अपने बालों को रेशमी और मुलायम बनाने का सबसे आसान तरीका है।

### कंडीशनर कैसे काम करते हैं?

कंडीशनर का उपयोग मुख्य रूप से बालों की सुरक्षा और इन्हें कुछ नमी प्रदान करने के लिए किया जाता है। ये बालों की शाफ्ट पर एक सुरक्षात्मक परत बनाता है और आपके बालों को पोषण प्रदान करके हाइड्रेट करने में मदद करता है। आमतौर पर, कंडीशनर पोषक तत्वों को बालों में लॉक करता है। ये प्रदूषकों को भी बालों से बाहर निकाल देते हैं। यह बाल के रेशों को मजबूत करने में मदद करता है, इस प्रकार ये बालों में दोमुंहेपन और बालों को टूटने से रोकता है। हर बार जब आप अपने बालों को शैम्पू करने के बाद कंडीशनर लगाते हैं, तो बालों पर एक सुरक्षात्मक परत बन जाती है। जैसे-जैसे यह परत बनती जाती है, आपके बालों में अवशोषित करने और अन्य उत्पादों पर प्रतिक्रिया करने की क्षमता कम होती जाती है। बदले में, ये बालों के रेशों को क्षति से बचाने में मदद करता है। इससे आपके बाल सुरक्षित रहते हैं और चमक भी बरकरार रहती है।

### ओवर-कंडीशनिंग क्या है?

जब आप अपने बालों को ओवर-कंडीशन करते हैं, तो बालों का हर रेशे या क्युटिकल में भारी कोटिंग होती है। ये आपके बालों को आवश्यक मात्रा से अधिक नमी प्रदान करता है। इसकी वजह से, अन्य हेयर केयर प्रोडक्ट जैसे कि, हेयर ऑयल और सीरम बालों के रेशे में प्रवेश नहीं कर पाते हैं। इससे इन्हें लगाने का कोई फायदा नहीं होता है क्योंकि ये ठीक ढंग से काम ही नहीं कर पाते है। इसके अलावा, बाल इतने ज्यादा नर्म होने लगते हैं कि, अपना वॉल्यूम खोना शुरू कर देते हैं। याद रखें कि जब भी आप हेयर कंडीशनर का उपयोग करते हैं, तो आप हर बार प्रोडक्ट की एक एक्स्ट्रा परत से बालों के रेशों की कोटिंग करते हैं।

